Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज — हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 30 अप्रैल, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 185 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


## बीजेपी और कांग्रेस ने जवाब देने के लिए E C से मांगी मोहलत, पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण से जुड़ा है मामला

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे गए नोटिस के सिलसिले में पार्टी ने निर्वाचन आयोग से जवाब देने के लिए 1 हफ्ते से अधिक का वक्त मांगा है. इसी तरह से, राहुल गांधी के भाषण को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिले नोटिस के मामले में निर्वाचन आयोग को जवाब देने के लिए कांग्रेस ने भी 14 दिन का वक्त मांगा है. किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत का पहली बार संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने भाजपा अध्यक्ष को विपक्ष के इस आरोप पर 25 अप्रैल को नोटिस जारी किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी व मानहानिजनक भाषण दिया था. इसी के साथ आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को भी नोटिस जारी किया था और उनकी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर उनसे (खरगे) से जवाब देने को कहा था. भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा को लिखे पत्र में आयोग ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में पीएम मोदी द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भाकपा (एमएल) की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों पर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब देने को कहा था. इन शिकायतों में पीएम मोदी के इन आरोपों का हवाला दिया गया है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा. इस भाषण को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया. कांग्रेस और अन्य




विपक्षी दल प्रधानमंत्री पर झूठे दावे करने का आरोप लगा रहे हैं. वहीं दूसरी भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस समाज के कमजोर वर्गों की कीमत पर मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा चला रही है. आयोग ने नड्डा से यह भी कहा था कि वह पार्टी के सभी स्टार प्रचारकों से राजनीतिक विमर्श के उच्च मानक तय करने और आदर्श आचार संहिता का अक्षरश पालन करने के लिए कहें. आयोग ने यह भी कहा कि उच्च पदों पर बैठे लोगों द्वारा दिए गए प्रचार भाषणों के अधिक गंभीर नतीजे होते हैं. अधिकारियों ने कहा कि यह पहली बार है कि आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत का संज्ञान लिया हो. साल 2019 के लोकसभा चुनावों में, आयोग ने विपक्षी दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर पीएम मोदी को क्लीन चिट दे दी थी. तत्कालीन चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायतों पर आयोग द्वारा लिए गए कुछ फैसलों पर असहमति नोट दिया था. आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है. उसके अनुसार, आयोग का विचार है जहां स्टार प्रचारक अपने भाषणों के लिए खुद जिम्मेदार होंगे, वहीं आयोग पार्टी प्रमुखों से 'मामला-दर-मामला के आधार पर' जवाब तलब करेगा. अधिकारियों ने बताया कि इसी के साथ, आयोग ने पार्टी प्रमुखों पर 'अतिरिक्त' जिम्मेदारी डाली है. हाल में खड़गे से कांग्रेस के दो नेताओं द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था. आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और गांधी के खिलाफ भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है. दोनों दलों के अध्यक्षों को लिखे गए पत्रों में आयोग ने पीएम मोदी, गांधी या खड़गे का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया है, लेकिन चिट्ठियों में उसे मिली शिकायतों को संलग्न किया गया है, जिनमें तीनों नेताओं के खिलाफ आरोपों का ब्यौरा है. दूसरी ओर, भाजपा ने आयोग को लिखे पत्र में कहा था कि केरल के कोट्टयम में गांधी ने अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और पूरी तरह से भयावह आरोप लगाए और दावा किया था कि प्रधानमंत्री एक राष्ट्र, एक भाषा, एक धर्म के विचार को आगे बढ़ा रहे हैं. भाजपा ने कहा था कि तमिलनाडु के कोयंबटूर में गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री "हमारी भाषा, इतिहास और परंपरा" पर हमला कर रहे हैं. भाजपा ने खड़गे पर यह दावा करने के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है कि उन्हें अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ भेदभाव के कारण राम मंदिर में संपन्न प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित नहीं किया गया.

### भाजपा और कांग्रेस ने E C से मांगा समय

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से गुरुवार को चुनाव आयोग ने नोटिस का जवाब सोमवार को सुबह 11 बजे तक देने को कहा था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, जवाब देने के लिए भाजपा ने एक हफ्ते की छूट मांगी है, जबकि कांग्रेस ने पहले सोमवार को ही शाम पांच बजे तक का समय मांगा था, लेकिन बाद में उसने नोटिस का जवाब 14 दिनों के बाद देने को कहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि चुनाव आयोग ने कांग्रेस और भाजपा की इस अपील को स्वीकार किया है या नहीं।

### चुनाव आयोग ने जारी किया था नोटिस

एक प्रधानमंत्री के खिलाफ देश में पहली बार चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का संज्ञान लिया गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को विपक्ष के आरोपों के आधार पर पीएम मोदी के खिलाफ उनके राजस्थान के बांसवाड़ा के भाषण के विरोध में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया था। चुनाव आयोग ने अलग से एक नोटिस खरगे को भी जारी किया है।

### आयरलैंड राजदूत को पत्र मामले में कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग

कांग्रेस ने आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा के आयरिश टाइम्स में प्रकाशित एक लेख को राजनीतिक प्रकृति का पाया है। इस लेख का शीर्षक था कि मोदी को मिल रही अपार लोकप्रियता। कांग्रेस ने इसी आधार पर उसने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि किसी राजनयिक को तटस्थ होकर काम करना चाहिए और सरकार की शान में कसीदे नहीं पढ़ने चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी यह कहते हुए शिकायत की है कि उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर झूठ बोला है। उन्होंने कहा कि योगी का कहना है कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है।

## जयपुर समेत 6 एयरपोर्ट पर ब्लास्ट की धमकी, मेल में लिखा- 3 एयरलाइंस में भी प्लांट किए बम




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही देश के 6 से ज्यादा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार सुबह एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर ई-मेल भेजकर यह धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने एयरपोर्ट के साथ ही तीन एयरलाइंस में भी बम प्लांट किए जाने की बात कही है। टेररिाइजर्स-111 ग्रुप की ओर से बताकर मेल में लिखा गया है- इसको हल्के में मत लेना। एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों ने पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया है। विजिलेंस टीम ई-मेल करने व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। SHO (एयरपोर्ट) मोतीलाल ने बताया- सुबह करीब 9:45 बजे जयपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल पर किसी व्यक्ति ने धमकी भरा मेल भेजा था। एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। पुलिस ने एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की ओर से पूरे एयरपोर्ट परिसर और उसके आस-पास की जांच की जा रही है। सर्च ऑपरेशन में अभी तक एयरपोर्ट परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### मेल लिखकर दी धमकी

जयपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल पर मेल कर धमकी दी गई। धमकी भरे मेल में लिखा- हमने एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों में बम लगा दिया है। एयरपोर्ट के साथ ही तीन एयरलाइंस में भी बम प्लांट किया गया है। इसको हल्के में नहीं लेना। टेरराइजर्स-111 ग्रुप जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही वाराणसी, चड़ीगढ़, श्रीनगर सहित भारत के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इंडिया के इन सभी एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मेल करने वाले ने सभी को एक साथ धमकी भरा मेल किया है। पिछले चार महीने में यह चौथी बार है, जब जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इसी साल 26 अप्रैल, 16 फरवरी और 2023 में 27 दिसंबर को एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। 26 अप्रैल को एयरपोर्ट के ऑफिशियल फीडबैक आईडी और दो बार ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल आया था, जिसमें एयरपोर्ट पर बम रखा होने की धमकी दी गई थी।

## मतदान के बाद कांग्रेस में छिड़ा नया घमासान, प्रचार के लिए नहीं पहुंचे नेताओं से नाराज प्रत्याशी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान की सभी 25 सीटों पर लोकसभा चुनाव पूरे होने के साथ ही कांग्रेस में घमासान छिड़ गया है। एक तरफ कांग्रेस ने बाड़मेर में अपने पूर्व विधायक अमीन खान को पार्टी से निलंबित कर दिया और बांसवाड़ा लोकसभा में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा को नोटिस थमा दिया। दूसरी तरफ अब पार्टी में इस बात को लेकर घमासान छिड़ गया है कि सचिन पायलट कई नेताओं के प्रचार में नहीं पहुंचे। वहीं, पूर्व सीएम अशोक गहलोत को लेकर भी सोशल मीडिया पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने बाड़मेर में कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम की जगह निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को जितवाने के लिए लॉबिंग की। कांग्रेस ने बांसवाड़ा में जो गठबंधन बीएपी से किया था, उसे लेकर वहां कांग्रेस के विधायक गणेश घोघरा नाराज थे। उन्होंने बीएपी के लिए न प्रचार किया और न ही वहां प्रचार के लिए पहुंचे न कांग्रेस नेताओं की सभा में शामिल हुए। वहीं अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने भी सचिन पायलट को लेकर आरोप




लगाया कि बार-बार बुलाने पर भी पायलट ने उनके लिए प्रचार नहीं किया। रामचंद्र चौधरी का बयान आया 'मैं खुद पायलट साहब को बुलाने जयपुर उनके घर गया था, उनसे प्रार्थना करके आया था और रोज करीब 5-6 बार उनके स्टाफ से बात कर रहे थे...लेकिन वो पहले छत्तीसगढ़ चले गए और फिर केरला और हमको टाइम नहीं दिया।' नागौर से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हनुमान बेनीवाल ने भी सचिन पायलट को लेकर बयान दिया है कि पायलट उनके बुलाने पर भी प्रचार के लिए नहीं पहुंचे। बेनीवाल ने कहा-'मैंने सचिन पायलट से सभा के लिए टाइम मांगा था, लेकिन पूरे चुनाव में सचिन पायलट की यहां कोई भी रैली या सभा नहीं हो पाई...उनकी तरफ से टाइम नहीं मिल पाया।'

## सीधा मुकाबला नहीं कर पा रहे तो राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी फैला रहे फर्जी वीडियोः पीएम

राजस्थान की राजनीति

**महाराष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र में राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो प्रतिद्वंदी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अब टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर ये लोग मेरी आवाज में फर्जी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं, जिससे खतरा पैदा हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्ष सामाजिक कलह पैदा करने के लिए मेरे, अमित शाह और जेपी नड्डा जैसे नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि आपको सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो दिखता है तो पुलिस को सूचना दें। पीएम मोदी ने दावा किया कि अगले एक महीने में बड़ी घटना करने की योजना है। समाज को ऐसे फर्जी वीडियो से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि फर्जी वीडियो के पीछे जो भी लोग हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



### कांग्रेस ने सैनिक परिवारों को वन रैंक वन पेंशन योजना से रखा वंचित

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस ने 40 वर्षों तक सैनिकों के परिवारों को वन रैंक वन पेंशन योजना से वंचित रखा। पूरे भारत में दलितों को आरक्षण मिला, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के लिए कश्मीर में दलितों को आरक्षण से वंचित रखा गया। मोदी ने कहा, जब तक मैं जीवित हूं, मैं संविधान और धर्म आधारित आरक्षण में कोई बदलाव नहीं होने दूंगा।

## पतंजलि आयुर्वेद के 14 प्रोडक्ट्स बनाने का लाइसेंस रद्द



राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव की पतंजलि की दिव्य फार्मेसी पर उत्तराखंड सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग के लाइसेंस प्राधिकरण ने कंपनी के 14 प्रोडक्ट्स पर बैन लगा दिया है। उत्तराखंड सरकार ने इस सभी प्रोडक्ट्स पर भ्रामक विज्ञापन फैलाने के मामले पर बैन लगाया है। इन प्रोडक्ट्स मेंमुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट शामिल हैं। भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने ही उच्चतम न्यायालय ने बाबा रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को खूब फटकार लगाई थी। अब इस मामले में 30 अप्रैल यानी कि कल सुनवाई होनी है। बता दें कि भ्रामक विज्ञापन को लेकर पतंजलि आयुर्वेद ने एक राष्ट्रीय दैनिक में भी सार्वजनिक तौर पर माफीनामा भी छपवाया है। जिसमें कहा गया कि वो सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पतंजलि ने कहा कि वो ये गलती दोबारा नहीं दोहराएगा। बाबा रामदेव की कंपनी ये माफीनामा 22 अप्रैल को छपवाया था। अब सुप्रीम कोर्ट कल (30 अप्रैल) को पतंजलि के मामले की सुनवाई करेगी, ताकि यह तय किया जा सके कि रामदेव के खिलाफ अवमानना का आरोप लगाया जाए या नहीं।

## सुसाइड के लिए कोचिंग को ही दोषी ठहराना सही नहीं: शिक्षा मंत्री दिलावर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** कोटा में रविवार को एक और कोचिंग छात्र ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। कोटा में इस साल अब तक आठ कोचिंग स्टूडेंट सुसाइड कर चुके हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि स्टूडेंट के सुसाइड में एक ही पक्ष (कोचिंग) को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर दिलावर ने मीडिया से कहा- हर मामले में कोचिंग सेंटर ही दोषी हो, ऐसा नहीं है। कुछ प्रतिशत मामलों में ऐसा हो सकता है। सुसाइड के पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा- स्टूडेंट्स के सुसाइड में मां-बाप भी दोषी हैं। स्टूडेंट की संगत भी दोषी है। कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं। प्यार में विफल होना भी एक कारण हो सकता है। सब सुसाइड का कारण कोचिंग ही है, यह मैं नहीं मानता हूं। दिलावर ने कहा- माता-पिता बच्चे की पढ़ने की क्षमता से ज्यादा उससे अपेक्षा करते हैं। उसके कारण से बच्चा डिप्रेशन में चला जाता है।

## महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक में सियासी सरगर्मी, छह राज्यों में पीएम मोदी, शाह और नड्डा करेंगे प्रचार

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियों के बीच देश के 14 राज्यों में मतदान पूरे हो चुके हैं। कई प्रदेशों में मतदान कराए जाने हैं। धुआंधार चुनाव प्रचार का दौर भी जारी है। इसकी मिसाल है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही दिन में चार रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा की तरफ से जारी पीएम मोदी के कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री की तीन रैलियां महाराष्ट्र में होंगी, जबकि दिन के चुनाव प्रचार का समापन तेलंगाना में होने वाली जनसभा से होगा। पीएम मोदी सुबह करीब 11 बजे महाराष्ट्र के माढा में जनसभा करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में दोपहर करीब एक बजे महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में चुनाव प्रचार करेंगे। दोपहर करीब ढाई बजे प्रधानमंत्री लातूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र से तेलंगाना रवाना होने के बाद प्रधानमंत्री शाम करीब 4.30 बजे जहीराबाद में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित



### इसके बाद पीएम महाराष्ट्र के सोलापुर, सतारा और पुणे जाएंगे

यहां से प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे। वो महाराष्ट्र में सर्वप्रथम सोलापुर की जनता के बीच जाएंगे। प्रधानमंत्री सोलापुर में दोपहर सवा दो बजे भारतीय जनता पार्टी के जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सतारा पहुंचेंगे। यहां उनकी जनसभा शाम 4:30 बजे होनी है। आखिर में प्रधानमंत्री मोदी पुणे पहुंचेंगे। यहां शाम साढ़े छह बजे भारतीय जनता पार्टी की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुंबई ब्यूरो के अनुसार, महाराष्ट्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्य सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में दो लाख लोग जुटेंगे। इस जनसभा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार (एनसीपी शिंदे गुट), उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेता शामिल होंगे।

### कर्नाटक की कमान नड्डा के हाथ

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर्नाटक में मोर्चा संभालेंगे। नड्डा शिवमोग्गा जिले के PESITM कॉलेज में प्रबुद्ध लोगों के साथ संवाद करेंगे। आयोजन दोपहर करीब 12.20 बजे होगा। भाजपा की तरफ से जारी कार्यक्रम के मुताबिक नड्डा कनकगुरू पीठ भी जाएंगे। दोपहर करीब दो बजे हावेरी जिले में यह कार्यक्रम होगा। इसके बाद दोपहर तीन बजे से हावेरी में ही रोड शो की योजना है। रोड शो की शुरुआत चंद्रगुट्टेम्मा देवी मंदिर से होगी और बैदागी ग्रामीण इलाके के सुभाष सर्कल तक नड्डा समेत स्थानीय भाजपा नेता जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे।

### गृह मंत्री शाह का असम, बंगाल और गुजरात दौरा

गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर के भाजपा शासित प्रदेश असम में प्रेस वार्ता करेंगे। शाह गुवाहाटी के भाजपा दफ्तर में संवाददाताओं से मुखातिब होंगे। असम के बाद शाह का पश्चिम बंगाल आने का कार्यक्रम है। शाह पूर्वी बर्धमान लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करेंगे। बिष्णुपुर फुटबॉल ग्राउंड में शाह दोपहर करीब 12 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा शाह अहमदाबाद के नरोडा गांव पंचायत ऑफिस में जनसभा करेंगे। भाजपा के मुताबिक सभा की शुरुआत रात करीब 7.30 बजे से होगी। इस संबंध में भाजपा ने एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज (सोमवार) के चुनावी दौरे के कार्यक्रम को एक्स हैंडल पर साझा किया है। भाजपा के एक्स हैंडल के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी आज सबसे पहले कर्नाटक के बागलकोट में दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे।

# आदर्श टैगोर स्कूल नदबई में श्री रामार्चन महापूजा हुई संपन्न



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** शिक्षा नगरी नदबई के स्थानीय विद्यालय आदर्श टैगोर शिक्षा समिति में सनातन संस्कृति की सनातनी परंपरा को कायम रखते हुए एक बार पुनः संतों का महासमागम हुआ। अयोध्या से पधारे संत समाज एवं महर्षियों ने सुभद्रा सेवा कुंज प्रांगण में धूना रमण करते हुए श्री रामार्चन महापूजा का दिव्य, आध्यात्मिक, आलोकिक आयोजन मुख्य आचार्य श्री श्री 108 श्री महतं श्री गणेश दास जी महाराज अवध बिहारी कुंज अयोध्या धाम के सानिध्य में संपन्न हुआ। संस्था प्रबंधक सतीश आयोजन के मुख्य यजजान रहे इस विशेष पूजा के साक्षी श्री श्री 108 श्री योगीराज रामकरण दास जी महाराज, श्री श्री मोनी महाराज, परमहंस मदन मोहन दास महंत पर्णकुटी बालाजी धाम लालसोट, प्रेमदास जी महाराज सहित संत समाज उपस्थित रहा। इस अवसर पर श्रीनाथजी मन्दिर के महंत चंदू मुखिया, राम भैया महंत मुखारविंद जतीपुरा, रमेश चंद्र गुप्ता, नरेश चंद्र एवं समस्त विद्यालय परिवार व नदबई नगरजन उपस्थित रहे।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, अधिक से अधिक करें रक्तदान - हनुमान प्रसाद मीणा (एस.पी)





राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** बिबनवा रोड पर स्थित माना भेरू जी मंदिर पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में रक्त दाताओं का होंसला बढ़ाने पहुंचे बूंदी पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने रक्त वीरों द्वारा दिया गया रक्तदान 25 यूनिट होने पर सराहना की पुलिस अधीक्षक मीणा ने रक्तदान को बहुत ही पुनीत कार्य बताया। साथ ही कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इस प्रकार के आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में हर युवा को अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर रक्तदान करना चाहिए।यह बात उन्होंने बिबनवा रोड पर मित्र मंडली द्वारा आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में कहीं । यह शिविर बूंदी ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए लगाया गया। ताकि जरूरत मंद मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके एवं परिजनों को अनावश्यक परेशान होकर रक्त के लिए कोटा की भागादौड़ी नहीं करनी पड़े। शिविर के दौरान रक्तदाताओं एवं आयोजन कर्ताओं में सुरेंद्र चंदेल, बनवारी किराड़, विशाल चौहान,राजू मेघवाल,पप्पू जी सैनी, विनोद जी कंपाउंड, सांवरिया किराड़,विकास नामा,सुनील चंदेल, राकेश नामा, रमेश सिंह चाचा जी, ओम बराला,रामबाबू किराड़, कपिल शर्मा, रमणी शंकर किराड़, सुरेश कुमार बंजारा, रोहित कुमार वर्मा,गगनदीप सिंह, रामभरोस सैनी,ओम प्रकाश मेघवाल,विनय चौहान,अजय सिंह, लोकेश पांचाल, प्रवीण शर्मा, मनोज मेघवाल, लक्ष्मण बेरवा,सुरेश शर्मा, पप्पू वाल्मीकि, आदि सहित बूंदी अस्पताल से आई मेडिकल टीम मौजूद रही।

# 30 जून तक सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** 01 अप्रेल 2019 से पहले क्रय किये गये समस्त प्रकार के वाहनों पर एच. एस. आर.पी. नम्बर प्लेट लगाने के लिए अंतिम तिथि 30 जून हैं। जिला परिवहन अधिकारी संजीव भारद्वाज ने बताया कि कई वाहन स्वामियों ने 01 अप्रेल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में बडी संख्या में एच. एस. आर.पी.नंबर प्लेट नहीं लगवाई है। वर्तमान में वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर एच. एस. आर.पी. प्लेट नंबर लगवाने के लिए ूऐपंउण्पद चवतजंस से आवेदन कर सकते हैं। उक्त पोर्टल पर वाहन स्वामी वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंजन व चैसिस नंबर इन्द्राज कर प्लेट लगवाने के लिए डीलर और तिथि बुक करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त पोर्टल पर ऑनलाईन फीस जमा कर बुकिंग कन्फर्म हो जाएगी तथा वाहन स्वामी निर्धारित तिथि पर डीलर के कार्यालय में जाकर नम्बर प्लेट लगवा सकते है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग ने हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए समय सीमा निर्धारित 30 जून है। इस अवधि के बाद जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी पाई गई, उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी।

## नगर कांग्रेस घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# केएम वाटिका के 125 बीघा में लगे 7 हजार पेड़ पौधे पानी और रख रखाव में तोड़ रहे है दम

राजस्थान की राजनीति



**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा के खान भाकरी स्थित केएम वाटिका के रखरखाव के मांग को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया कि खान भाकरी रोड का निर्माण पर्यटक विभाग एवं नगर परिषद दौसा द्वारा लगभग 125 बीघा जमीन खान भाकरी पहाड़ी पर दौसा शहर की आम जनता के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण शुद्धि को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इसमें पक्की चार दिवारी ,ट्रैक, गेट निर्माण करवाए गए थे। इस भूमि में लगभग 7000 छायादार पेड़ भी लगाए गए थे जो लगभग सभी लग चुके हैं उनके नियमित पानी व साल संभल होनी थी। वहीं केएम वाटिका में प्रातः काल बड़ी संख्या में लोग घूमने आते हैं। लेकिन नगर परिषद इसकी देखभाल कर रही थी। इसके द्वारा नियमित पौधों में पानी दिया जा रहा था। यह व्यवस्था विधानसभा चुनाव के बाद से चार-पांच माह से बंद कर दी गई है। ना हीं तो पेड़ों में पानी दिया जा रहा है और नहीं गेट पर चौकीदार की व्यवस्था है। जिसके कारण आवारा जानवर, असामाजिक तत्व प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही पानी के अभाव में हजारों की संख्या में लगे पेड़ पौधे सूख रहे हैं। पार्क निर्माण पर पर्यटक विभाग और नगर परिषद एवं विधायक निधि से लगभग 5 से 7 करोड रुपए हो चुके हैं। यदि समय पर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और केएम वाटिका की साल संभाल नहीं की गई तो करीब 5 से 7000 लगाए गए पौधे मुरझा जाएंगे। उनकी देखभाल और चौकीदार व्यवस्था करने के लिए कांग्रेस ने सोमवार को जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ,जिला प्रवक्ता मुकेश राणा, मीडिया प्रभारी उमाशंकर बनियाना , दौसा के पूर्व प्रधान डीसी बैरवा, प्रधान प्रहलाद नारायण मीणा सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्वेश्वर नगर में 2 दर्जन मकानों का रास्ता किया बंद, कालोनीवासी ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

राजस्थान की राजनीति




**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा के आगरा रोड स्थित रामनगर विस्तार कॉलोनी के सर्वेश्वर नगर में आम रास्ते पर दबंगो द्वारा अतिक्रमण कर भूखंड निर्माण कर आम रास्ता बंद कर दिया है।उसी के विरोध में सर्वेश्वर कॉलोनी के लोगों ने दौसा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनी वासियों ने ज्ञापन में बताया कि सर्वेश्वर नगर में दबंगों के द्वारा आम रास्ते पर निर्माण कर बंद कर दिया है। जिससे आसपास के बने मकान का रास्ता अवरुद्ध हो गया। आम रास्ते पर पक्का निर्माण होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दूर तक चक्कर लगाकर मुख्य मार्ग पर आना पड़ता है। वहीं कोर्ट के स्टे होने के बावजूद भी व्यक्ति के द्वारा लगातार निर्माण कार्य जारी है। कॉलोनी वासियो की मांग है कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही आम रास्ते को जनता के हित में ध्यान रखते हुए खुलवाया जाए। इस की मांग को लेकर कॉलोनी वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर - नैना देवी शर्मा,मानदाता सिंह , विनोद कसाना ,मुरारीलाल गुर्जर, विमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा आमंत्रित कि गई प्रविष्टियां

# अलग-अलग प्रतियोगिताओं में संस्थाओं, कार्यालयों, आम नागरिकों एवं छात्र-छात्रायें 10 मई तक कर सकते है आवेदन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए निरतंर आमजन को जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही है नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा ग्रेटर क्षेत्र के विद्यालयों में स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य किये जाने वाले छात्र-छात्राओं को स्वच्छ ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किये जायेगे इसके लिए गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन लिये जायेगे। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जा सकता है। इसके अलावा होम कम्पोस्टिंग एवं थ्रीआर प्रतियोगिताऐं भी रखी गई है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अंतिम तिथि 10 मई है जिसमें गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते है। गूगल फार्म नगर निगम ग्रेटर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, फेसबुक एवं इन्स्टाग्राम पर उपलब्ध है। उपायुक्त स्वास्थ्य श्री नवीन भारद्वाज ने बताया कि आमजन को स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ने के लिये प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही है इसी क्रम में ऐसे नागरिक जो घर पर होम कम्पोस्टिंग कर खाद बनाते है ऐसे नागरिकों को स्वच्छता में दिये जा रहे उनके सहयोग के लिये सम्मानित किया जायेगा।

### होम कम्पोस्टिंग क्या है

घर से निकलने वाले गीले कचरे का घर पर ही खाद बनाकर निस्तारण करने की प्रक्रिया को होम कम्पोस्टिग रहा जाता है।

उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के साथ ही कबाड़ का कर सही उपयोग बड़े कलात्मकता की ओर के उद्देश्य से थ्री आर का (रिसाइकल रियूज, रिड्यूज) को लेकर भी कार्य करने वाली समस्त नागरिक संस्थाओं, कार्यालयों की प्रविष्ठियां भी आमंत्रित की गई है। थ्रीआर के अन्तर्गतः- पुराने सामान का उपयोग कर उन्हें नया रूप देना (जैसे पुराने कपड़ों से थैले बनाना, कबाड़ से सजावट का सुंदर सामान बनाना, फूलों से अगरबत्ती बनाना आदि), कचरे को कम करना घर से निकलने वाले पुराने सामान को जरूरतमंद तक पहुंचाना, कचरे का रिसाईकल करना आदि सम्मिलित है।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर बनाया कीर्तिमान



## लकड़ी के राम मंदिर की भव्य प्रतिकृति बनाने पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने किया सम्मानित

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शक्ति वंदन कार्यक्रम के बाद एक बार फिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर हुये रामोत्सव के तहत लकड़ी के भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई थी। जिसमें बंगाल से आये 150 कारीगरों ने मंदिर का निर्माण किया था। इसके साथ ही 300 ड्रोन से हवा में भगवान श्रीराम का प्रारूप भी बनाया गया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को हुये रामोत्सव कार्यक्रम में भव्य राम मंदिर की 35Г30 फीट ऊंची प्रतिकृति बनाई गई थी। जिसके लिये गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा दिया गया है। इससे पूर्व भी यह सम्मान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को 2 मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किये गये कार्यक्रम में एक चिट्ठी मोदी जी के नाम की स्टाल पर 50 हजार से अधिक चिट्ठियां महिलाओं द्वारा लिखी गई के अन्तर्गत कीर्तिमान बनाने के लिये दिया गया।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्यवाही

# 26 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज, 5 केन्टर सामान जब्त

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में चन्द्रमहल गार्डन के पीछे आगरा रोड़, सेक्टर-6 मालवीय नगर, गांधी पथ आम्रपाली चौराहा, महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट के सामने, जवाहर सर्किल जेएलएन मार्ग एवं सांगानेर स्टेडियम के पास से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 26 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 5 केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में चन्द्रमहल गार्डन के पीछे आगरा रोड़, सेक्टर-6 मालवीय नगर, गांधीपथ आम्रपाली चौराहा, महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट के सामने, जवाहर सर्किल जेएलएन मार्ग एवं सांगानेर स्टेडियम के पास से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 5 केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 26 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सांगानेर जोन क्षेत्र में सांगानेर बाजार में सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# कंजर समाज के पदाधिकारियों ने हिंडोली डीवाईएसपी को सौंपा ज्ञापन



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** कंजर समाज महा पंचायत राजस्थान के पदाधिकारियों की ओर से सोमवार को हिंडोली डीएसपी को ज्ञापन देकर दबलाना थाने में दर्ज मुकदमा नंबर 105 धारा 379 आईपीसी के मामले में कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि बदलपुर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश हाल दबलाना निवासी सोम थनावत की मां 21 अप्रैल को बूंदी मीरा गेट से निजी बस में बैठकर शंकरपुरा आई थी। निजी बस की छत पर में रखे हुए बेग में से सोने के जेवरातों की चोरी हो गई। जिसका 24 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के नाम पर लीपा पोती की जा रही है। थाना अधिकारी दबलाना को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए । पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया है कि 7 दिन तक कार्रवाई नहीं होने पर कंजर समाज महा पंचायत राजस्थान की ओर से बूंदी एसपी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष भागचंद झांझावत, उपाध्यक्ष राजकल झांझावत, बूंदी जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह गुदड़ावत, भवानीपुरा सरपंच श्याम बाबू कर्मावत, सोम धनावत, हरिराज, ओम प्रकाश आदि शामिल थे।

# पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने वरिष्ठ समाजसेवी कजोड़ यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को बंधाया ढांढस



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने होलासपुरा पहुंचकर वरिष्ठ समाजसेवी कजोड़ यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को पूर्व मंत्री अशोक चांदना होलासपुरा पहुंचे जहां पर उन्होंने का वरिष्ठ समाज सेवी कजोड़ यादव के निधन पर यादव के चित्रपट के समक्ष पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिलाकर ढांढस बंधाया। वरिष्ठ समाजसेवी कजोड यादव के दो पुत्र हैं।बडा हरिशंकर यादव तथा छोटा पुत्र जगदीश यादव कांग्रेस नेता हैं। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, केशरी लाल यादव, बद्री लाल गुर्जर, नंदलाल यादव, लादू लाल यादव आदि मौजूद रहे।

# पोलोथिन के खिलाफ नगर परिषद दौसा एवं वाणिज्य कर विभाग की संयुक्त कार्रवाई

## बजरंग मैदान के पास ट्रांसपोर्ट कंपनी से 300 किलो पॉलिथीन की जप्त



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** नगर परिषद दौसा की सचिव मोनिका सोनी फिर आई एक्शन में दौसा शहर में पॉलिथीन के खिलाफ चलाए गए अभियान में 300 किलो पॉलिथीन जप्त की है। इस अभियान में नगर परिषद सचिव मोनिका सोनी , नगर परिषद के राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह ,सफाई निरीक्षक सुरज्ञान सिंह गुर्जर, वाणिज्य कर विभाग दौसा के वाहन जांच दल के प्रभारी राजेश कुमार शर्मा , राज्यकर अधिकारी रामकेश गुर्जर तथा देवेंद्र बेरवा उनकी टीम की संयुक्त कार्रवाई में दौसा के बजरंग मैदान के पास ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस में कार्रवाई की गई। नगर परिषद की सचिव मोनिका सोनी ने कहा कि पॉलीथिन के खिलाफ लगातार दौसा नगर परिषद क्षेत्र में अभियान जारी रहेगा।

# नगर निगम का पहला कूलिंग स्टेशन, गर्मी में आम जनता को मिलेगी राहत, हीट एक्शन प्लान के तहत नगर निगम उत्तर की पहल

राजस्थान की राजनीति

**जोधपुर।** जोधपुर में इन दिनों पड़ रही गर्मी और सूर्य के प्रचंड प्रकोप से बचने के लिए नगर निगम उत्तर ने हीट एक्शन प्लान के तहत महिला हाउसिंग ट्रस्ट के साथ मिलकर कबीर नगर में पहला कुलिंग स्टेशन स्थापित किया है। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बताया कि जोधपुर शहर को सूर्य नगरी के नाम से पहचाना जाता है और यहां गर्मी के दिनों में कई बार तापमान 50 डिग्री से पार चला जाता है। ऐसे में प्रचंड गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए पिछले वर्ष हीट एक्शन प्लान तैयार किया गया था, जिसमें गर्मी की पूर्व चेतावनियों के साथ-साथ गर्मी के प्रकोप को कम करने के विकल्प पर चर्चा की गई थी। हीट एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के बाद नगर निगम उत्तर ने अलग-अलग जगह पर कुलिंग स्टेशन बनाने का निर्णय लिया। आयुक्त उत्तर ने बताया कि कबीर नगर में नगर निगम उत्तर ने शहर का पहला कुलिंग स्टेशन तैयार किया है । महिला हाउसिंग ट्रस्ट की ओर से स्थापित किया गया यह कुलिंग स्टेशन आमजन के लिए गर्मी में काफी उपयोगी साबित हो रहा है। आयुक्त ने



बताया कि इस कुलिंग स्टेशन में गर्मी के दिनों में आम जन आराम कर सकेंगे। यहां बाहरी तापमान और कुलिंग स्टेशन के तापमान में लगभग 5 से 6 डिग्री का अंतर होगा। कुलिंग स्टेशन में आने वाले लोगों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है साथ ही पेयजल और स्वच्छता को लेकर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। नगर निगम उत्तर की ओर से हीट एक्सन प्लान के सभी हितधारको को गर्मी के बारे में अरली वॉर्निंग दी जा रही है।

### कुलिंग स्टेशन इसलिए ज़रुरी

हीट एक्शन प्लान में कूलिंग स्टेशन एक महत्वपूर्ण अंग हैं, जो अत्यधिक गर्मी के दौरान गरीब शहरी आबादी को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करता हैं। यह कूलिंग स्टेशन उच्च तापमान से राहत प्रदान करके गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कम करते हुए एक ठंडा, सुरक्षित आश्रय प्रदान करता हैं। बेघर व्यक्तियों, यात्रियों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वालों समूहो के लिए महत्वपूर्ण कूलिंग स्टेशन गर्मी की लहरों के दौरान सुरक्षा प्रदान करता है।

### कूलिंग स्टेशन की मुख्य विशेषताएं

कूलिंग स्टेशन में तापमान के प्रभाव को कम करने के लिए मिस्ट फैन (पंखे) और खस के पर्दे लगाए गये है। सौर पैनल से कूलिंग स्टेशन में लाइट, पंखे और स्प्रिंकलर चलते है। विन्ड टावर गर्म हवा को उपर की तरफ बाहर निकालता है। लू के दौरान बेहतर आराम के लिए पीने के पानी, ओ.आर.एस. तथा प्राथमिक चिकित्सा किट की सुविधाओं भी कूलिंग स्टेशन में की गई है। साथ ही मजबूती और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए अभिनव बाइसन पैनल मुख्य तह शामिल है। कूलिंग स्टेशन की छत पर सोलर रिफ्लेक्टिव पैन्ट किया गया है। कूलिंग स्टेशन में लगभग 5-6 डिग्री तक का तापमान कम मापा गया है जिस के लिए कूलिंग स्टेशन के अंदर तथा बहार एक थर्मामीटर भी लगाया गया है जिससे कूलिंग स्टेशन में तापमान का पता चलेगा। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बताया कि हीट एक्शन प्लान के तहत जोधपुर की मलिन बस्तियों में, आर.सी.सी. या टिन शीट की छत वाले 1500 से अधिक घरों की छतो को सोलर रिफ्लेक्टीव पेंट करने, महिला हाउसिंग ट्रस्ट की ओर से महिलाओ की क्षमता निर्माण के कार्य में क्षेत्रीय बैठकें, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान शामिल हैं

## स्कूल में पोषाहार बनाते वक्त सिलेंडर धधका, टीचर समेत 3 झुलसे

राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** एक सरकारी स्कूल में पोषाहार बनाते वक्त लीकेज सिलेंडर धधक उठा। खाना बना रही दो महिला कार्मिक चपेट में आ गईं। वहां मौजूद पीटीआई चिल्लाने की आवाज सुन कमरे में गया तो वह भी आग की चपेट में आ गया। हादसे में तीनों झुलस गए। घटना दौसा जिले के सदर थाना इलाके के सराय गांव की है। यहां गवर्नमेंट उच्च प्राथमिक स्कूल में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर में आग लगने से बच्चों के लिए पोषाहार बना रही दो महिला कार्मिक प्रेम देवी सैन और प्रेम देवी जायसवाल झुलस गईं। उनके चिल्लाने की आवाज सुन शारीरिक शिक्षक फूलचंद बेनीवाल और स्टाफ मौके पर पहुंचे। पीटीआई ने आग में झुलसी दोनों महिलाओं को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह खुद भी चपेट में आ गया। बताया जा रहा है स्कूल में पोषाहार बनाने के लिए कुक कम हेल्पर दो महिलाएं लगा रखी हैं। सिलेंडर का पाइप लीकेज हुआ था। पाइप ने खाना बनाने के दौरान आग पकड़ ली। इससे दोनों महिलाएं झुलस गईं और चिल्लाने लगीं। स्कूल के शारीरिक शिक्षक फूलचंद बेनीवाल भी झुलस गए। अचानक हुए घटनाक्रम से आसपास ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्कूल स्टाफ ने आग से झुलसे तीनों कार्मिकों को ग्रामीणों की मदद से भांडारेज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल तीनों का इलाज जारी है।

## 2 दिन से लापता महिला का शव जंगल में मिला, पति ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी



राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के नांदरी गांव में सोमवार दोपहर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक महिला दो दिन से लापता थी, इस सम्बन्ध में उसके पति ने पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटनाक्रम का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो वहीं बड़ी तादात में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानते हुए मौके पर एफएसएल, साइबर सेल और डीएसटी टीम को बुलाया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस थाने में नांदरी निवासी राकेश मीणा ने गुमशुदगी की दर्ज करवाई थी कि उसकी प%ी अनीता (26), जिसके हाथ में अनीता नाम गुदा हुआ है। 27 अप्रैल को करीब 10 बजे गांव का ही युवक जगराम मीणा तुड़ा भरवाने की बात कहकर ले गया था, लेकिन खेत में नहीं पहुंचे। वापस नहीं लौटने पर उसे इधर-उधर और रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। युवक का भी फोन बंद आया और वह घर पर नहीं मिला। महिला के पति ने गांव के युवक जगराम पर संदेह जताते हुए प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की। पुलिस को लापता 26 वर्षीय महिला का शव नांदरी गांव के ही जंगल में पहाड़ के समीप क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना पर मानपुर डिप्टी एसपी दीपक मीणा समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में मौके से साक्ष्य जुटाए व आसपास के इलाके सर्च अभियान चलाया। पुलिस महिला की मौत के कारणों की पड़ताल में जुट गई है।

## नमक समझ चूहे मारने का जहर पीने से मौत



राजस्थान की राजनीति

**टोंक।** पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर चौथ का वृत रखने वाली महिला की गलती उसकी जान पर भारी पड़ गई। दरअसल घाड़ थाना क्षेत्र में सरगावास निवासी एक महिला ने शुक्रवार को पति की लंबी उम्र को लेकर चौथ का वृत रख था। उस दिन उसने नींबू पानी बनाया था। उसमें हड़बड़ाहट में उसने सेंधा नमक की जगह चूहे मारने का जहर डाल दिया और फिर वह पी गई। उसके बाद से उसकी तबीयत बिगड़ी हुई थी। पेट दर्द रहने लगा। रविवार को पेट ज्यादा दर्द हुआ तो परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वह बच नहीं पाई। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम करवाकर महिला का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। उधर घाड़ थाने के हैड कांस्टेबल भंवर सिंह ने बताया कि उसके पति ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। देवडावास पंचायत के सरगावास निवासी मृतका के पति प्रभुलाल ने बताया कि उसकी 38 वर्षीय प%ी कमला प्रजापत ने पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को चौथ का व्रत रखा था। उसने दिन में नींबू पानी बनाया था। उसमें सेंधा नमक की जगह उसने भूलवश चूहे मारने का पाउडर डाल दिया और उसे पी लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत ज्यादा बिगड़ने पर प्रभुलाल ने कमला से पूछा कि नींबू पानी में क्या डाला था। तब कमला ने बताया कि सफेद पाउडर डाला था। इससे पता चला कि उसने चूहे वाला जहर पी लिया है। इस पर उसे डॉक्टर को दिखाया तो तबीयत में सुधार हुआ, लेकिन रविवार को फिर उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे 11 बजे सआदत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर उस उसका इलाज शुरू किया। करीब आधा घंटा में उसकी तबीयत में सुधार देखा गया। फिर मैं शाम को बाहर फल लेने चला गया। करीब दस मिनट बाद वह अस्पताल में गया तो वह मृत मिली। शाम होने से शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृग में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत

राजस्थान की राजनीति

**जोधपूर।** जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से घायल हुए युवक की जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अब मृतक के चाचा ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चला कर दुर्घटना करने का मामला दर्ज करवाया है। मृतक अपने बाइक की सर्विस करवा कर वापस अपने गांव लौट रहा था तभी हादसा हो गया। थाने में दी रिपोर्ट में छैल सिंह निवासी बिरलोका ने बताया कि 27 अप्रैल को उनका भतीजा नेपाल सिंह और किशोर सिंह अपनी बाइक सर्विस करने के लिए धनारी कला गए थे। यहां से अपने गांव वापस बिरलोका आ रहे थे। धनारी कला से 1 किलोमीटर आगे कुड़छी रोड पर शाम करीब 7:30 बजे सामने से आ रही कार चालक ने तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

## कटा हुआ पैर लेकर हॉस्पिटल पहुंचा मरीज, ट्रेन से गिरा था, रात भर तड़पता रहा

राजस्थान की राजनीति



**पाली।** 28 साल का एक युवक काम-काज के लिए पाली से अहमदाबाद जा रहा था। भीड़ ज्यादा होने से ट्रेन के गेट पर बैठ गया। रात को झपकी आने से उसका बैलेंस बिगड़ा और वह चलती ट्रेन से गिर गया। हादसे में उसका एक पैर घुटने के पास से कट गया। अंधेरा होने के कारण किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। रात भर वह दर्द से तड़पता रहा। सोमवार सुबह लोगों की नजर पड़ी तो उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। युवक का इलाज जारी है। पाली शहर के नया गांव इलाके की बंजारा बस्ती में रहने वाला महावीर (28) पुत्र खीमाराम बंजारा रविवार शाम पाली जंक्शन से अहमबाद के लिए ट्रेन में सवार हुआ था। पाली से लगभग 140 किलोमीटर चलने के बाद पिंडवाड़ा में हादसा हो गया। घायल महावीर ने बांगड़ हॉस्पिटल में बताया- मैं गुजरात में एक हलवाई के पास हैल्पर का काम करता हूं। पाली में ट्रेन में चढ़ा तो भीड़ ज्यादा थी। मैं ट्रेन में डिब्बे के गेट पर बैठ गया। देर रात करीब 2 बजे नींद आ गई। नींद में मेरा संतुलन बिगड़ा और मैं चलती ट्रेन से गिर गया। मेरा बायां पैर आधा कट गया। मैं बेहोश हो गया। रात भर रेलवे ट्रैक के पास जंगल एरिया में घायल हालत में पड़ा रहा। तड़पता रहा। सोमवार किसी राहगीर की नजर मुझ पर पड़ी। वहां जुटे लोगों ने पिंडवाड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मुझे पिंडवाड़ा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। मेरा कटा हुआ पैर भी थैले में रखकर मेरे साथ भिजवाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद मुझे पाली रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार पिंडवाड़ा हॉस्पिटल से एम्बुलेंस संचालक ने महावीर का कटा हुआ पैर एक कट्टे में डाला और उसे एंबुलेंस में रख दिया। पाली में डॉक्टरों ने महावीर के जख्म पर मरहम पट्टी की और इलाज शुरू किया। डॉक्टरों का कहना है कि हादसे को काफी देर होने के कारण कटा हुआ पैर जोड़ा नहीं जा सकता।

## बॉर्डर पर पकड़े रविदास को भेजा 'अपना घर', दूसरी बार सीमा पर पकड़ा

राजस्थान की राजनीति



**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्?तान सीमा पर दूसरी बार पकड़े गए छत्तीसगढ़ निवासी पिंटू रविदास को पुलिस ने जोधपुर स्थित अपना घर भेजा है। तनोट थाना प्रभारी खुशालचंद ने बताया कि रविदास के परिजनों ने आने में असमर्थता जताई। अब पिंटू रविदास को जोधपुर स्थित अपना घर भिजवाया गया है। अपना घर में रविदास की देखभाल के साथ उसका इलाज भी किया जाएगा। थाना प्रभारी खुशालचंद ने बताया कि अपना घर के लोग उसके परिजनों से संपर्क कर उसकी काउंसलिंग कर उसको अपने साथ ले जाने के लिए प्रेरित करेंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ निवासी पिंटू रविदास पिछले दिनों जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़ा गया था। के जवान तब चौंके जब उन्हें जानकारी मिली कि यही युवक 10 महीने पहले इसी इलाके में पकड़ा गया था। तब पुलिस ने इसको इसके घर छत्तीसगढ़ भेज दिया था। एक बार फिर इस युवक का सरहदी इलाके में पकड़ा जाना सुरक्षा एजेंसियों के लिए सवालिया निशान बन गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा के पास घोटारू इलाके में एक युवक को घूमते हुए पकड़ा। युवक का नाम रविदास है और वो छत्तीसगढ़ का निवासी है। युवक के पास से कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन सरहद के प्रतिबंधित इलाके में घूमते पाए जाने पर युवक से यहां तक आने का कारण पता किया गया। पूछताछ में वो मानसिक रोगी निकला। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान सीमा के घोटारू इलाके में जून 2023 में इसी युवक को घूमते हुए सीमा सुरक्षा बल की 173 बटालियन के जवानों ने पकड़ा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पिंटू रविदास निवासी छत्तीसगढ़ बताया था। बीएसएफ के जवानों ने पूछताछ के बाद युवक को रामगढ़ पुलिस के हवाले किया था। रामगढ़ पुलिस ने संदिग्ध लग रहे युवक को संयुक्त जांच कमेटी (जेआईसी) को सौंपा था। सभी सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ के बाद इसको मानसिक रोगी मानकर पुलिस को सौंपा था। पुलिस ने इसके परिजनों की तलाश कर इसे घर भेजा था। यही युवक 10 महीने बाद दुबारा इसी प्रतिबंधित इलाके में कैसे पहुंचा, इसको लेकर पूछताछ हुई। पूछताछ में कुछ भी बरामद नहीं होने पर इसके परिजनों से संपर्क किया गया। तनोट थाना प्रभारी खुशालचंद ने बताया कि हमने रविदास के परिजनों से संपर्क कर उन्हें जैसलमेर बुलाया। मगर उन्होंने जैसलमेर आकर इसे ले जाने में असमर्थता जाहिर की। पुलिस ने पिंटू रविदास को जोधपुर स्थित अपना घर नामक संस्था को सौंपा है। ये संस्था रविदास की देखभाल करने के साथ साथ इसके परिजनों तक इसको पहुंचाने में मदद करेगी।

## तलवार से जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, झिनझिनयाली थाना पुलिस ने पकड़ा

राजस्थान की राजनीति



**जैसलमेर।** पुरानी रंजिश के तहत जानलेवा हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने 3 दिन में ही गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। तीनों आरोपियों ने एक युवक पर 26 अप्रैल के दिन तलवार से वार कर जानलेवा हमला किया था। जानलेवा हमले के बाद तीनों फरार हो गए। गंभीर घायल का इलाज जारी है। पकड़े गए तीनों हमलावरों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जैसलमेर पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी भीमराव सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को लीलू सिंह राजपूत निवासी गुंजनगढ ने पुलिस थाना झिनझिनयाली में शिकायत दी। शिकायत में बताया- मेरे चाचा छोटू सिंह पुत्र झबर सिंह सुबह 11 बजे अपने मित्रों एवन सिंह, श्रवण सिंह, देवी सिंह, हठू सिंह व अन्य के साथ ग्राम करडा में सरकारी स्कूल के आगे खड़े थे। उस दौरान एक बोलेरो कैम्पर गाडी में गिरधर सिंह, नरेन्द्र सिहं, जुझार सिंह आदि अपने हाथों मे लाठियां व तलवार लिए गाडी से उतरे और एक राय होकर षडयंत्र रचकर मेरे चाचा छोटू सिंह को मारने की नीयत से सभी ने मिलकर छोटू सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### तलवार से किया जानलेवा हमला

मारपीट के दौरान गिरधर सिंह ने छोटू सिंह के ऊपर तलवार से जाने से मारने के लिए वार किया जिससे छोटू सिंह के हाथ पर चोट आई। छोटू सिंह के बच जाने पर उन लोगो ने गिरधर सिंह को बोला इसे जान से मार दो। फिर सभी ने छोटू सिंह को घेर लिया और गिरधर सिंह ने छोटू सिंह पर तलवार से दोबारा गर्दन पर वार किया जिससे तलवार का वार सीधे छोटू सिंह की गर्दन पर लगने से घायल हो गया। छोटू सिंह को घायल अवस्था मे जैसलमेर हॉस्पिटल लेकर आए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### स्पेशल टीम ने की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेश के अनुसार भीमराव सिंह प्रभारी डीसीआरबी व सुरजाराम थानाधिकारी पुलिस थाना झिनझिनयाली को मामले आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए गए। थाना स्तर पर विभिन्न टीमें बनाकर पुलिस टीमों द्वारा आपस में तालमेल रखकर डीसीआरबी शाखा से तकनीकी आधार पर कार्य कर गिरधर सिंह, नरेन्द्र सिंह व जुझार सिंह को पकड़ा गया। तीनों से कड़ाई से पूछताछ जारी है।

## मीटिंग कर रहे लोगों पर लाठी डंडों से हमला, दो स्कार्पियो से आए हमलावर वारदात के बाद भाग निकले

राजस्थान की राजनीति



**भीलवाड़ा।** रीको क्षेत्र में ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर माधव चौराहे पर मीटिंग कर रहे लोगों पर स्कार्पियो सवार कुछ लोगों ने लाठियों और डंडों से हमला कर दिया । जवाब में मीटिंग कर रहे लोगों ने भी स्कॉर्पियों सवारों पर पत्थर फेंके । हमले में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है । यहां रिको में एक ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर पटेल नगर निवासी श्रमिक नेता पन्नालाल पिता खेतराम चौधरी अपने कुछ लोगों के साथ मीटिंग कर रहा था , इसी दौरान बिना नंबरी ब्लैक कलर की दो स्कॉर्पियो वहां आई और इसमें बैठे लोगों ने डंडों व लाठियों से इन सभी पर हमला कर दिया ।अचानक हुए हमले से वहां भगदड़ मच गई और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई । मीटिंग कर रहे लोगों ने वहां पड़े पत्थर फेंके जिससे हमलावर स्कॉर्पियो में बैठकर मोके से भाग निकले । सूचना मिलने पर प्रताप नगर थाना पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची और वारदात की जानकारी ली । हमले में रामलाल पिता रामसुख माली , देवीलाल पिता कजोड़ माली , प्यार चंद पिता कीसु गाडरी , भवानी राम पिता बालू माली , पन्नालाल पिता खेताराम चौधरी और रामेश्वर पिता गंगाराम कुमावत घायल हो गए इन्हें इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने बताया कि फिलहाल घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने किसी के खिलाफ कोई रिपोर्ट नहीं दी , अगर कोई रिपोर्ट आती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी ।वारदात के बाद से रिको क्षेत्र में दहशत फैल गई ।

## निर्माण सामग्री चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, दिन में रैकी कर रात में वारदात को देते थे अंजाम

राजस्थान की राजनीति

**करौली।** लांगरा थाना पुलिस ने निर्माणाधीन पानी की टंकी से सरिया और निर्माण सामग्री चोरी का 12 घंटे से कम समय में खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का माल भी बरामद किया है। परिवहन के काम में ली पिकअप को भी पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस आरोपियों से चोरी को लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी से निर्माण सामग्री चोरी की थी। लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत महूं गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी से निर्माण सामग्री लोहा सरिया-तार चोरी का साइबर सेल कॉन्स्टेबल पुष्पेन्द्र की सूचना पर लांगरा थानाधिकारी वासुदेव और टीम ने चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार



किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी कासिम पुत्र गुलाब निवासी भांकरी और गोलू पुत्र गुलाब निवासी भांकरी थाना लांगरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का माल 8 क्विंटल लोहे का सरिया-तार और पिकअप जब्त की है। 28 अप्रैल को पृथ्वीराज मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत महूं गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी से निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण स्थल से सामग्री लोहा सरिया-तार चोरी हो गया है। लांगरा वासुदेव और साइबर सेल करौली प्रभारी जिलय सिंह, कॉन्स्टेबल पुष्पेन्द्र और चुनिन्दा पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस टीमों ने कड़ी मेहनत कर संदिग्ध व्यक्तियों और पूर्व में चोरी, नकबजनी की वारदात में लिप्त लोगों से पूछताछ और मोबाइल लोकेशन को खंगाला। कॉन्स्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार ने सूचना दी कि चोरी के आरोपी कासिम और गोलू मार का पुरा तिराहे पर कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़े हुए हैं। सूचना पर थानाधिकारी और पुलिस टीम मार का पुरा तिराहे पर पहुंचे। तो पुलिस टीम को देखकर दो युवक भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों का पीछा कर दबोच लिया। आरोपियों ने पूछताछ में महूं गांव में रात के समय चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से चोरी का सामान और पिकअप जब्त की है। आरोपी निर्माणाधीन पानी की टंकी से तार-सरिया चोरी करने के लिए गांव-गांव घूमकर सब्जी फल बेचकर सुनसान स्थान पर पड़े माल की रैकी कर रात के समय में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस टीम में थानाधिकारी के साथ हेड कॉन्स्टेबल मुनिराज, कॉन्स्टेबल जीतेन्द्र, सतीश चन्द, गणेश कुमार, पुष्पेन्द्र, नरेन्द्र शामिल रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी में साइबर सेल कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र कुमार और लांगरा थाने के कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह की मुख्य भूमिका रही।

चिंतन

# स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।

# अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।

निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के



अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'


आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है।

## सटाका




## आज की पाती

### मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *–दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।
-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### कांग्रेस चट्टान की तरह



भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### पेपर लीक हो गया



मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख सशिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### अच्छा लगेगा



मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। -अनुपम खेर, अभिनेता






## खबर संक्षेप

### सोने में 130 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर




**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सराफा बाजार में सोमवार को सोना 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 84,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही।

### पीएनबी हाउसिंग का लाभ 57 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 57 प्रतिशत बढ़कर 444 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 283 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,806 करोड़ रुपये हो गई।

### एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 76 गीगावॉट के पार



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता राजस्थान में 57 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के शुरू होने के साथ 76 गीगावॉट के आंकड़े को पार कर गई है। राजस्थान के अंता में 90 मेगावाट अंता सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 26 अप्रैल 2024 को देर रात 12 बजे 57 मेगावाट क्षमता की परियोजना चालू हो गई।'

### वारी एनर्जीज को गुजरात में आपूर्ति का मिला ठेका



**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज को गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी से 400 मेगावाट मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला है। विनिर्माताओं की अनुमोदित सूची में शामिल हैं। ये 540 डब्लूपी से 570 डब्लूपी के बीच हैं। कंपनी को 400 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति सौदे के लिए गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड से आशय पत्र (एलओआई) मिला है।

### टाटा मोटर्स ने किया साउथ इंडियन बैंक से समझौता



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता किया है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा।

### ओस्टर ग्लोबल 440 करोड़ के कोष का उपयोग करेगा



**नई दिल्ली।** निवेश कंपनी ओस्टर ग्लोबल ने 440 करोड़ रुपये के कोष का इस्तेमाल देश में उभरते प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों तथा विभिन्न उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए करने की सोमवार को घोषणा की। ओस्टर इंडिया पिनेकल फंड स्थापित उपभोग-संचालित क्षेत्रों और उभरते प्रौद्योगिकी-आधारित नवीन क्षेत्रों दोनों को समर्थन देना चाहता है। ओस्टर के 440 करोड़ रुपये के कोष का इस्तेमाल आरंभिक वृद्धि और अंतिम चरण (सीरीज डी के बाद) उद्यम पूंजी तथा निजी इक्विटी में निवेश के लिए किया जाएगा।

# महिंद्रा ने भारत की पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी की लांच जिसमें पैनोरमिक सनरूफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एसयूवी की शुरुआती अनुमानित कीमत 9 लाख से होगी शुरू

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने आज भारत में सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में एक्सयूवी3एक्सओ को लांच कर दिया। यह कार देश की पहली सब कॉम्पैक्ट एसयूवी होगी, जिसमें पैनोरमिक सनरूफ मिलेगा। कार में 20.1 केएमपीएल का माइलेज मिलेगा। इसमें इंच की टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25 इंच की डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 7 स्पीकर वाला हार्मन कार्डन साउंड सिस्टम, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए। कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी से यूजर स्मार्टफोन से एसी को कंट्रोल कर सकेंगे। इससे कस्टमर कार में बैठने से पहले केबिन को ठंडा कर सकेंगे।

### महिंद्रा की एक्सयूवी 3एक्सओ में 20.1 किलोमीटर प्रतिलीटर का माइलेस मिलेगा



#### फ्रंट लुक एकदम नया

कार का फ्रंट लुक एकदम नया कर दिया गया है। इसमें फ्रंट ग्रिल पर क्रोम-फिनिश्ड ट्राएंगुलर एलिमेंट्स दिए गए हैं, जिसके पास में नया हेडलाइट क्लस्टर है। इसके अलावा, एक्सयूवी 3एक्सओ में फैंग शेप्ड एलईडी डीआरएल, प्रोजेक्टर हेडलाइट, फॉग लैंप, इलेक्ट्रिक सनरूफ और नए डिजाइन के लेयर्ड स्पोक अलॉय व्हील दिए जाएंगे।

#### इंटीरियर

कंपनी ने महिंद्रा एक्सयूवी 300 फेसलिफ्ट के पूरे इंटीरियर लुक का खुलासा नहीं किया है, लेकिन टीजर में इसकी नई सीट अपहोल्स्ट्री और नई टचस्क्रीन यूनिट की झलक दिखाई है। एक्सयूवी 3एक्सओ में एक्सयूवी 400 की तरह 10.25 इंच की डुअल डिजिटल डिस्प्ले (एक इंस्ट्रूमेंटेशन और दूसरी इंफोटेनमेंट के लिए), वायरलैस फोन चार्जिंग और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें दी जाएंगी।

#### सुरक्षा के लिए 6 एयरबैग

अनुमान है कि कंपनी इसमें सेगमेंट-फर्स्ट पैनोरमिक सनरूफ फीचर भी दिया जा रहा है। सुरक्षा के लिए इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, 360-डिग्री कैमरा समेत कई एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडास) फीचर्स दिए जा रहे हैं।

#### मुकाबला इन एसयूवी से

यह कार महिन्द्रा एक्सयूवी300 का फेसलिफ्ट है, जिसे अब एक्सयूवी 3एक्सओ नाम से पेश किया। एक्सयूवी3एक्सओ की कीमत 9 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू हो सकती है। सेगमेंट में इसका मुकाबला मारुति ब्रेजा, हुंडई वेन्यू, किया सोनेट, टाटा नेक्सन, रेनो काइगर, निसान मैग्नाइट मारुति फ्रॉन्क्स और टोयोटा अर्बन क्रूजर टैजर से रहेगा।

#### एक्सटीरियर डिजाइन

इस मॉडल को मौजूदा एडिशन की तुलना में कई कॉस्मेटिक और फीचर अपग्रेड मिलेंगे। टीजर में कॉम्पैक्ट एसयूवी की नई कनेक्टेड टेललाइट्स और बंपर की झलक देखने को मिली है। महिंद्रा ने नए लाइटिंग सेटअप को जोड़ने के लिए इसके टेलगेट को मॉडिफाई किया है। इसमें महिंद्रा के ट्विन पीक लोगो के अलावा नई 'एक्सयूवी 3एक्सओ' बैजिंग भी दी गई है।

### निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया

# तगड़ी खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

- वैश्विक बाजारों में मजबूती का रहा असर
- बैंकों और ढांचागत शेयरों में रही तगड़ी खरीदी
- कंपनियों के तिमाही नतीजे सकारात्मक रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

#### बैंकिंग शेयरों को मिली रफ्तार

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में लगभग पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये हो जाने से इसके शेयरों को रफ्तार मिली।

#### ये शेयर रहे लाभ में

इसके अलावा इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त लेने में सफल रहे।

#### इन शेयरों में रही गिरावट


हालांकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे निवेशकों का उत्साह जगाने में नाकाम रहे और कंपनी के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। इसके अलावा आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट का रुख रहा।

#### अमेरिकी कंपनियों के नतीजे बेहतर आए

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बांड प्रतिफल में गिरावट आने से घरेलू स्तर पर बाजारों में तगड़ी उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया।'

#### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत गिरकर 89.04 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



#### पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ा

नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97 प्रतिशत और स्मालकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

#### बीएसई को 165 करोड़ का बिल, शेयर में बड़ी गिरावट

बीएसई के शेयरों में तेजी सोमवार को उस समय रुक गई जब बाजार नियामक सेबी ने एक्सचेंज को टर्नओवर के आधार पर रेगुलेटरी फीस का भुगतान करने के लिए कहा, न कि प्रीमियम टर्नओवर के आधार पर। बीएसई के शेयर सोमवार को 13.31 प्रतिशत गिरकर 2,783.00 रुपए के लेवल पर क्लोज हुए।

#### जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है

स्टॉक एक्सचेंज द्वारा की गई प्रारंभिक गणना से पता चलता है कि इससे 165 करोड़ रुपए और जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है। ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट की अनुमानित वैल्यू पर विचार करते हुए वार्षिक कारोबार के आधार पर वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2022-23 तक कुल अंतर सेबी नियामक फीस लगभग 68.64 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी होगा, जिसमें 30.34 करोड़ रुपए का ब्याज शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सेबी रेगुलेटरी फीस लगभग 96.30 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी हो सकता है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

- नेस्ले इंडिया ने आरोप को असत्य बताया
- स्विट्जरलैंड की नेस्ले पर लगाया गया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है।

इस महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी सामग्री वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर यहां संवाददाताओं से कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। नारायणन ने दावा किया कि शिशु आहार उत्पाद सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा, इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा, /"नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

#### कम विकसित देशों में उपयोग अधिक

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने हाल ही में कहा कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी की मात्रा वाले शिशु आहार की बिक्री की।

# सरकारी बैंकों पर लुकआउट सर्कुलर का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE

- जानबूझकर कर्ज न चुकान वालों के खिलाफ सर्कुलर जारी करने से रोका

वित्त मंत्रालय बंबई उच्च न्यायालय के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट' सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है।

बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का विस्तृत मूल्यांकन करेगा।

आदेश का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो।

*देश के आर्थिक हित बैंकों के हित से ऊपर : इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 'भारत के आर्थिक हित' वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के 'वित्तीय हितों' से नहीं की जा सकती है।*

### कुंदन ग्रीन एनर्जी की परियोजना मंजूर



**नई दिल्ली।** कुंदन ग्रीन एनर्जी को उत्तराखंड के ओखली में 42 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। ओखली परियोजना राज्य में 1,000 करोड़ रुपये के निवेश पर कुल 80 मेगावाट ग्रीनफील्ड जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए पिछले साल उत्तराखंड सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौते का हिस्सा है। 'कुंदन ग्रीन एनर्जी को 42 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के लिए उत्तराखंड के ओखली में ग्रीनफील्ड संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी मिली है....' परियोजना 2028 तक पूरी हो जाएगी। कंपनी की संयुक्त जलविद्युत क्षमता वर्तमान में 104 मेगावाट से बढ़कर 270 मेगावाट हो जाएगी।

# घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि ढाई साल में सबसे कम: क्रिसिल

- जनवरी-मार्च तिमाही में चार से छह प्रतिशत तक सीमित रह सकती है
- कोविड महामारी के बाद की सबसे धीमी दर होगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई




घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में चार-छह प्रतिशत तक सीमित रह सकती है जो कोविड महामारी के बाद की सबसे धीमी दर होगी। साख निर्धारण और विश्लेषण से जुड़ी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट 350 कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। हालांकि इसमें वित्तीय सेवाओं और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले वर्षों में राजस्व में मजबूत वृद्धि के बाद यह नरमी आई है। कोविड महामारी के बाद सितंबर, 2021 में आर्थिक पुनरुद्धार का सिलसिला शुरू होने के बाद से लगातार तेजी ही देखी जा रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'क्रिसिल की निगरानी में शामिल 47 क्षेत्रों में से केवल 12 में मार्च तिमाही के लिए क्रमिक और सालाना आधार पर राजस्व वृद्धि में सुधार होने की उम्मीद है।' उपभोक्ता विवेकाधीन उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहने की उम्मीद है।

*निर्माण कंपनियों ने उच्चतम राजस्व हासिल किया : वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में निर्माण कंपनियों ने अपना उच्चतम तिमाही राजस्व हासिल किया था। आलोच्य तिमाही में स्थिर मांग रहने के बावजूद सीमेंट क्षेत्र ने मध्यम राजस्व वृद्धि दर्ज की, क्योंकि उच्च आपूर्ति और तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच कीमतें दबाव में रहीं।*

# हिंदुस्तान जिंक में बिक्री पेशकश पर फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India

- बिक्री पेशकश ओएफएस के जरिए बेचने प्रतिबद्ध

सरकार वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक में अपनी हिस्सेदारी बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए बेचने के लिए प्रतिबद्ध है।

खान सचिव वी एल कांता राव ने सोमवार को कहा कि इस बारे में बाजार की समीक्षा के बाद फैसला किया जाएगा। सरकार, हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पांश शेयरधारक है। उसके पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राव ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम ओएफएस के लिए प्रतिबद्ध हैं।' खान मंत्रालय के हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की अलग इकाई बनाने की योजना को खारिज करने के बाद यह बयान आया है। खान सचिव ने कहा, 'अलग इकाई बनाने पर हम किसी भी तरह से सहमत नहीं हैं।' उनसे जब यह पूछा गया कि कंपनी में हिस्सेदारी बेचने के लिए ओएफएस कब आ सकता है, तो राव ने कहा, 'जब बाजार तैयार नहीं है, तो ओएफएस लाने का कोई मतलब नहीं है। मुझे बाजार की समीक्षा करने दीजिए... प्रचार-प्रसार करने दीजिए और फिर हम निर्णय लेंगे।'

### अल्ट्राटेक सीमेंट के लाभ में 35 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 35.24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,258.58 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 1,670.10 करोड़ रुपये रहा था। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की परिचालन आय 9.41 प्रतिशत बढ़कर 20,418.94 करोड़ रुपये रही। यह वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 18,662.38 करोड़ रुपये थी। जनवरी-मार्च तिमाही में अल्ट्राटेक का कुल खर्च 6.67 प्रतिशत बढ़कर 17,381.09 करोड़ रुपये रहा। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी की कुल आय जनवरी-मार्च तिमाही में 9.42 प्रतिशत बढ़कर 20,554.55 करोड़ रुपये रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का बीते वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ 38.05 प्रतिशत बढ़कर 7,003.96 करोड़ रुपये रहा।

### बैंक 1 मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे


# क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी के बिल भरना पड़ेगा महंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- शुल्क का ऐलान यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने किया

अगर आपको भी अपने बिजली और पानी समेत जरूरी बिल क्रेडिट कार्ड से भरने की आदत पड़ चुकी है तो एक बार फिर से सोचने की जरूरत पड़ेगी। एक मई से क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक बिल भरने वालों से 1 फीसदी शुल्क लेने लगेंगे।

ऐसे में आपको क्रेडिट कार्ड से बिल भरने की आदत महंगी पड़ने वाली है। इस शुल्क का ऐलान करने वालों में सबसे पहले यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जानकारी दी है कि वह एक मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे।



#### कस्टमर्स पर क्या होगा असर

यह फीस लगने के बाद यूटिलिटी बिल का पेमेंट करने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना महंगा हो जाएगा। अगर आप फिर भी क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करना चाहते हैं तो कई बैंक फीस माफ करने के ऑफर दे सकते हैं। इसके अलावा आप यूपीआई, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से भी यूटिलिटी बिल पेमेंट कर सकते हैं। इन तरीकों से पेमेंट करने पर आपको कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है।

#### बदलाव का कारण

बैंकों द्वारा दो प्रमुख कारणों से यह चार्ज लगाने का फैसला किया है। पहला यूटिलिटी बिल पर लगने वाला कम मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) है। एमडीआर हर क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन पर लगने वाला चार्ज है। यूटिलिटी बिल पर यह चार्ज सबसे कम है। इसलिए बैंक को क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी जैसे बिल पेमेंट होने पर कम पैसा मिलता है। दूसरा बैंकों को जानकारी लगी थी कि कुछ कारोबारी अपने पर्सनल क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल बिजनेस से जुड़े यूटिलिटी बिल पे करने में कर रहे थे।

#### कस्टमर्स को दी थोड़ी राहत

इसके चलते अगर आप 2000 रुपए का बिजली बिल क्रेडिट कार्ड से भरेंगे तो आपको 20 रुपए अतिरिक्त देने पड़ेंगे। हालांकि, इन बैंकों ने कस्टमर्स को फिलहाल थोड़ी राहत भी दी है। यस बैंक ने यूटिलिटी बिल पर 15,000 रुपए और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 20,000 रुपए तक फ्री यूसेज लिमिट भी दी है। इसके चलते आप यस बैंक से 15 हजार रुपए तक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से 20 हजार रुपए तक यूटिलिटी बिल का बिना कोई शुल्क दिए पेमेंट कर पाएंगे। इससे ऊपर पेमेंट करने पर 1 फीसदी चार्ज के साथ ही 18 फीसदी जीएसटी भी देनी होगी।

### इंडेजीन का आईपीओ छह मई को खुलेगा




**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य से जुड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी इंडेजीन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसका 1,842 करोड़ रुपये का आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम) छह मई को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए कीमत का दायर 430-452 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ आठ मई को बंद होगा। कंपनी ने बताया कि एंकर निवेशकों के लिए बोली तीन मई को एक दिन के लिए खुलेगी। कंपनी आईपीओ के तहत 760 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम ला रही है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**500 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
**14 विकेट**
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

**1433** चौके

**852** छक्के

## खबर संक्षेप



### हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी-20

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

### लाहौर, कराची, रावलपिंडी में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था।

### ओलंपिक क्वालीफायर टीम में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

# सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

## साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधु ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

## थॉमस कप : भारत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, इंग्लैंड को 5-0 से रौंदा



*चेंगडू। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।*

## आईपीएल: फिल की फिफ्टी, वरूण ने झटके 3 विकेट

# चक्रवर्ती-सॉल्ट ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 7 विकेट से जीत दिलाई

एजेंसी ▸▸कोलकाता



वरूण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत से नाइट राइडर्स के नौ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। दिल्ली की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ छठे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने लिजाड विलियम्स की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला।

### दिल्ली-153/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 |
| जेक का अय्यर बो स्टार्क | 12 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 06 |
| पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 |
| स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 04 |
| कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 01 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 |
| सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 08 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर:153 रन
विकेट पतन: 1-17, 2-30, 3-37, 4-68, 5-93, 6-99, 7-101, 8-111, 9-140
गेंदबाजी: स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

### केकेआर-157/3 (16.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 |
| सुनील का फ्रेजर बो अक्षर | 15 |
| रिंकू का कुलदीप बो विलियम्स | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 |

अतिरिक्त: 04
कुल:16.3 ओवर में तीन विकेट पर: 157 रन
विकेट पतन: 1-79, 2-96, 3-100
गेंदबाजी: विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0 अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0

### भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ-मुंबई के मुकाबले में नजरें राहुल पर

**लखनऊ।** टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सकें। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था।


**खास खबर**

## तीरंदाज दीपिका टॉप्स में फिर हुई शामिल



**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है। पैरा पावरलिफ्टर अशोक को भी कोर ग्रुप में रखा गया है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 133वीं बैठक में स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार को भी टॉप्स विकास ग्रुप में रखा है ताकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों की तैयारी कर सकें।

## गेंदबाजों से एक कदम आगे रहते हैं यशस्वी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही ऋतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाए। हस्सी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा, 'गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है। मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है।'

## टी20 विश्व कप : न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

एजेंसी ▸▸ आकलैंड

केन विलियमसन चौथी बार टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे। अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी20 विश्व कप नहीं खेले हैं। विलियमसन छठी बार टी20 विश्व कप खेलेंगे। वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी20 विश्व कप होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी20 विश्व कप टीम में जगह मिली है।



**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी। बेन सीयर्स (रिजर्व)।

### बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के



*अस्ताना। भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।*

## सेंथिल कुमार ने जीता बाश ओपन स्क्वाश



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा, 'मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।'

## दो साल के कार्यकाल में होने हैं तीन बड़े टूर्नामेंट

# आईसीसी ट्रॉफी जीतना है कर्स्टन का लक्ष्य

एजेंसी ▸▸कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी। अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते। वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता हो या अब से दो साल बाद।'



### ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**लाहौर।** पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरुप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

## आर्सनल और सिटी जीते खिताब की दौड़ हुई रोचक

एजेंसी ▸▸ लंदन



आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए।

पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवर्ट्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिए गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाए रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।





400 टर्मिनल गेट और 5 रनवे की होंगी सुविधाएं

नाम है 'अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा'

एयरपोर्ट की 260 करोड़ यात्रियों तक की क्षमता

यह दुबई हवाई अड्डे के आकार से 5 गुना बड़ा

एयरपोर्ट बनाने का काम 2013 में हुआ था शुरू

# दुबई में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। इसका नाम अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से एक नए यात्री टर्मिनल बनाने को मंजूरी दे दी है। इसमें पांच समानांतर रनवे और 400 विमान द्वार होंगे। दुबई का नया एयरपोर्ट विकास के नए द्वार खोलेगा और व्यापार और टूरिज्म के क्षेत्र में ये नया ग्लोबल सेंटर बनकर उभरेगा। बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम 2013 से ही शुरू कर दिया गया था।





## दुबई की स्थिति और होगी मजबूत

*दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर साबित होगा। दुबई मीडिया कार्यालय ने दुबई एयरपोर्ट्स के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के हवाले से कहा कि यह कदम विश्व मंच पर अग्रणी विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करेगा।*

## डिजाइन में बदलाव से बढ़ी यात्रियों की संख्या

*बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम संयुक्त अरब अमीरात ने 2013 में शुरू किया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीक की मदद से इसे दोबारा डिजाइन किया जा रहा है। पुराने डिजाइन के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता करीब 10 करोड़ यात्रियों की बताई गई थी, जबकि अब इसे 260 करोड़ तक बढ़ाया गया है*

## इसी वर्ष 8.82 करोड़ यात्री आने की उम्मीद

*दुबई एयरपोर्ट के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के मुताबिक, वह ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट में निवेश बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं। एक पूर्वानुमान के मुताबिक, 2024 में इस हवाई अड्डे से 8.82 करोड़ और 2025 में 9.38 करोड़ यात्रियों के यात्रा करने की उम्मीद है।*

## खबर संक्षेप

### केन्या में टूट गया बांध मची तबाही, 40 की मौत



**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया। हालात बेकाबू हैं और लोगों तक मदद पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं। यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। यहां हमेशा खतरा बना रहता है।

### बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट!



**तेल अवीव।** गाजा में इजराइली ऑपरेशन के दौरान बेगुनाह नागरिकों के कत्लेआम के आरोप में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में इजराइल के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, जिससे वहां हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हम चिंतित है कि क्रिमिनल कोर्ट नेतन्याहू के साथ देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की तैयारी कर रहा है।

### कनाडा में ट्रूडो के सामने फिर लगे खालिस्तान नारे



**ओटावा।** कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। भाजपा नेता आरपी सिंह ने ट्वीट में कहा कि भारतीय राजनीतिक हस्तियों पर निज्जर की मौत में शामिल होने के आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए।

### तिब्बत सरकार को चीन ने दिया बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** तिब्बत की निर्वासित सरकार और चीन के बीच पर्दे के पीछे बातचीत शुरू होने की खबरें आने के एक दिन बाद ही चीन ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन को झटका दे दिया है। चीन ने कहा है कि वह केवल दलाई लामा के प्रतिनिधियों से ही बातचीत करेगा, भारत में निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकारियों से नहीं। बीजिंग ने तिब्बत के सर्वोच्च बौद्ध नेता दलाई लामा से जारी मांग पर बातचीत से इनकार कर दिया।

ई-मेल मिलने से मचा हड़कंप

# जयपुर, गोवा समेत कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सुबह मिला ई-मेल

दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर बम पर बम होने की सूचना मिली। हवाई अड्डे के निदेशक एस वी टी धन्मजय राव ने कहा कि उनके कार्यालय को सुबह हवाई अड्डे पर बम होने के बारे में एक ईमेल मिला। हम अब अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हवाईअड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ता भी एयरपोर्ट पर मौजूद है। हम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे हैं। हम ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जो देश के अन्य हवाई अड्डों को भी मिला है।

### एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को अज्ञात व्यक्ति ने भेजा ई-मेल

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को संयुक्त रूप से गहन जांच की। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोती लाल ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल भेजा गया था। हवाईअड्डे की पूरी जांच की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी तरह की धमकी 26 अप्रैल को भी दी गई थी।

सीडीएस जनरल चौहान एक सप्ताह की फ्रांस यात्रा कर लौटे भारत

# सशस्त्र बलों की क्षमताओं के निर्माण पर फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से... 'बड़ी डील'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण के उद्देश्य से दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की। जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई। बता दें कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी ने समय के साथ महत्वपूर्ण गति पकड़ी है, अब यह और भी करीबी और बहुआयामी रिश्ते में विकसित हो गई है जो सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों तक फैली हुई है।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान

*जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई।*

**दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से मिले**

**भारत-फ्रांस साझेदारी ने समय के साथ गति पकड़ी**

**उच्च-स्तरीय दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर जोर**

**यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया**

### सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर चर्चा

सीडीएस जनरल चौहान की फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्रालय में सिविल एवं मिलिट्री कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स और सशस्त्र बल मंत्रालय में सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई। सीडीएस जनरल चौहान ने अपने समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ भी बातचीत की। दोनों ने सामान्य हितों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा बल

सीडीएस ने इस क्षेत्र में शांति बढ़ाने की दिशा में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर लड़ने वाले भारतीय अभियान बल के सैनिकों की असाधारण बहादुरी के लिए न्यूवे-चैपल और विलर्स-गुइस्लैन के युद्ध स्मारकों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस की विस्तृत यात्रा पूरी की। इस यात्रा ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है।

### द्विपक्षीय प्रशिक्षण को मिलेगा बढ़ावा

ज्ञात हो, फ्रेंच लैंड फोर्सेज कमांड, फ्रेंच स्पेस कमांड और स्कूल ऑफ मिलिट्री स्टडीज में आदान-प्रदान ने सुरक्षा चुनौतियों पर भारत का दृष्टिकोण प्रदान करते हुए अंतरिक्ष में रक्षा सहयोग बढ़ाने, आधुनिकीकरण की पहल और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के अवसर भी प्रदान किए हैं।

### खनिज शिखर सम्मेलन का लक्ष्य उत्पादन बढ़ाना

शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद और भारतीय सतत विकास संस्थान के सहयोग से खान मंत्रालय 29 से 30 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन: लाभकारी और प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाना" विषय पर शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन का लक्ष्य उद्योग जगत से उत्पादन बढ़ाना।

फुल स्पीड में 180 डिग्री घूमने की ताकत...

# यूक्रेन ने बना ली दुनिया की पहली स्टेल्थ सबमरीन, रूस के लिए टेंशन

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन जंग में समीकरण बदलने वाला है। यूक्रेन ने दुनिया का पहला स्टेल्थ सबमरीन बना लिया है। इसका नाम है क्रोनोस। इसे बनाने वाली कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स का मुख्यालय संयुक्त अरब अमीरात में है। क्रोनोस सबमरीन किसी एलियन शिप की तरह दिखती है। हाईलैंड सिस्टम्स के फाउंडर और इस सबमरीन के चीफ डिजाइन एलेक्सेंजर कुज्नेत्सोव ने कहा कि यह दो काम के लिए बनाई गई थी। पहला पानी के अंदर रिपेयरिंग और दूसरा सुपर रिच लग्जरी ट्रैवल।

### पनडुब्बी का हल स्टील का बना



*रूस के घुसपैठ के बाद कंपनी ने इसे स्टेल्थ सबमरीन में बदल दिया ताकि यूक्रेन की सेना इसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ कर सके। इस पनडुब्बी का हल स्टील का है। जिसके चारों ओर कंपोजिट मटेरियल लगा।*

### 54 घंटे तक पानी के अंदर चलने में सक्षम


इसमें लगा जेनरेटर 36 घंटे ऊर्जा देता है। डीजल जेनरेटर और बैटरी की ऊर्जा से यह 54 घंटे तक पानी के अंदर रह सकती है। इसकी अधिकतम रेंज 1000 किमी है। यह अपनी फुल स्पीड में 180 डिग्री घुमने की ताकत रखती है। ये क्षमता किसी और पनडुब्बी में नहीं है। क्रोनोस का आकार मांटा रे मछली की तरह है। इसमें लगा इलेक्ट्रिक इंजन और सोनार-सोखने वाली कोटिंग इसे छिपकर वार करने या जासूसी करने की ताकत देते हैं।

## देश में दाल-रोटी चलाने के लिए पाक पीएम ने फैलाया हाथ



**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान अपने हालात से उबर नहीं पा रहा। महंगाई और गरीबी से जूझ रहे देश के प्रधानमंत्री एक बार फिर पैसा मांगने पहुंचे हैं। इससे पहले भी पाकिस्तान 23 बार कर्जा मांग चुका है। पीएम शहबाज शरीफ ने आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की और नए ऋण कार्यक्रम पर चर्चा की। यूएई के रियाद में विश्व आर्थिक मंच की एक बैठक से इतर शरीफ ने 3 अरब अमेरिकी डॉलर (24 हजार करोड़ रुपए) की अतिरिक्त व्यवस्था हासिल करने में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक जॉर्जीवा का शुक्रिया अदा किया।

## मंगल पर मकड़ियां... तस्वीर से दुनिया हैरान



*लंदन। मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर हजारों मकड़ियां देखी गई हैं। इन मकड़ियों की तस्वीर यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर में लगे कलर एंड स्टीरियो सरफेस इमेजिंग सिस्टम ने ली है। इस तस्वीर ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल, वंसत के मौसम में जब सूरज की किरणें मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पड़ती हैं, तब वहां सर्दियों में जमा हुई कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) इस तरह की मकड़ियों जैसा आकार ले लेती हैं। सूरज की रोशनी कार्बन डाईऑक्साइड की निचली परत को पिघलाती है, तो ऊपर की परतें इस तरह से आकृतियां बनाती हैं, जैसे मकड़ी हो।*

साइंटिस्टों ने लॉंचिंग में की थी 4 सेकंड की देरी, दिखाई सतर्कता

# दुर्घटना से देर भली... लॉन्च के बाद ही खत्म हो जाता चंद्रयान-3, बचा लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चंद्रयान-3 चंद्रमा पर पहुंचने से पहले ही खत्म हो गया होता अगर इसरो के साइंटिस्ट उसकी दिशा और गति नहीं बदलते। भारत का सबसे सफल मून मिशन 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। यह मिशन चंद्रमा पर पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाता, अगर इसरो इसकी लॉन्चिंग को चार सेकेंड लेट नहीं करता तो। किसी भी सैटेलाइट या स्पेस्क्राफ्ट को लॉन्च करने से पहले इसरो वैज्ञानिक कोलिज़न एवॉयडेंस एनालिसिस (कोला) करते हैं, ताकि लॉन्चिंग के बाद अपने तय स्थान तक पहुंचने से पहले स्पेसक्राफ्ट या सैटेलाइट किसी अन्य उपग्रह या अंतरिक्ष के कचरे से न टकराए। इसलिए चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग चार सेकेंड की देरी की गई थी।



### किए गए सैकड़ों ऑर्बिट मैन्यूवर

बात सिर्फ कैम की नहीं है। कई बार बिना कैम प्रक्रिया के ही ऑर्बिट मैन्यूवर करने पड़ते हैं। पिछली साल इसरो ने धरती की निचली कक्षा में अपने सैटेलाइट्स के ऑर्बिट्स को 450 बार बदला। जबकि जीईओ में अपने सैटेलाइट्स की ऑर्बिट को 456 बार बदला। अकेले चंद्रयान-2 को ऑर्बिटर के ऑर्बिट को 17 बार बदला गया. ताकि इनकी टक्कर किसी भी चीज से न हो।

### लॉन्चिंग के समय दिखा था कचरा

लॉन्चिंग से पहले इसरो वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 के मार्ग में अंतरिक्ष का कचरा दिखाई दिया। अगर चंद्रयान-3 तय समय पर लॉन्च होता तो इससे स्पेसक्राफ्ट के कचरे से टकराने का खतरा था। यह अंतरिक्ष का कचरा किसी अन्य सैटेलाइट मिशन का टुकड़ा था।

### 23 बार बदली दिशा और गति

कोला के अलावा अंतरिक्ष में जब सैटेलाइट सफर करता है, तब भी कचरे से टकराने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में इसरो वैज्ञानिक कोलिज़न एवॉयडेंस मैन्यूवर (केम) की प्रक्रिया अपनाते हैं। साल 2023 में इसरो ने अलग-अलग सैटेलाइट्स और स्पेसक्राफ्ट्स के लिए यह काम 23 बार किया। इसमें से 18 कैम लोअर अर्थ ऑर्बिट यानी धरती की निचली कक्षा में किए गए। पांच कैम जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिट में किया गया।

### टेलोएस-2 लॉन्चिंग में एक मिनट की देरी

*सिर्फ चंद्रयान-3 ही नहीं, बल्कि पीएसएलवी-सी55/टेलोएस-2 की लॉन्चिंग भी 22 अप्रैल 2023 को एक मिनट की देरी से की गई थी। इसके अलावा 30 जुलाई 2023 को पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर की लॉन्चिंग में भी एक मिनट की देरी की गई थी। ताकि इन दोनों रॉकेट्स और सैटेलाइट के सामने आने वाले अंतरिक्ष के कचरे और अन्य उपग्रहों की टक्कर से बचा जा सके।*

परीक्षण: बर्बाद कर देगा दुश्मन का एयर डिफेंस सिस्टम

# फ्रांस का डबल पंच, टारगेट पर दो मिसाइलों से एक साथ किया हमला



एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की नौसेना ने अपनी दो नौसैनिक मिसाइलों का ऐसा डबल पंच तैयार किया है, जिसे दुनिया का कोई भी एयर डिफेंस सिस्टम रोक नहीं पाएगा। फ्रांस ने अपने एक युद्धपोत और पनडुब्बी से दो नेवल क्रूज मिसाइलें दागीं। इनका टारगेट था जमीन पर एक नकली अड्डा। युद्धपोत और पनडुब्बी दोनों एकदूसरे से 400 किमी दूर थे।

### ताकतवर एयर डिफेंस को नष्ट करने में सक्षम

दोनों की मिसाइलों ने एकसाथ टारगेट को हिट किया. फ्रांस के इस नए मिसाइल परीक्षण से दुनियाभर में हलचल मच गई। इस तरह के हमले से दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट किया जा सकता है। इसमें जिस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, उसका नाम है एमडीसीएन। यह मिसाइल फ्रांस में ही बनी है। फ्रांस ने इसके तीन वैरिएंट बना रखे हैं। पहला क्रूज मिसाइल। दूसरे लैंड अटैक मिसाइल और तीसरा सबमरीन लॉन्च्ड क्रूज मिसाइल। एक मिसाइल का वजन 1400 किलोग्राम होता है।

# अमित शाह एडिटेड वीडियो मामला: बीजेपी ने सोशल एक्टिविस्ट के खिलाफ साइबर पुलिस में दर्ज कराया केस

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को एडिट कर उसे वायरल करने के मामले में प्रदेश बीजेपी ने भी जयपुर के साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बीजेपी सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने यह मामला दर्ज कराया है।

बीजेपी ने राजस्थान के एक सोशल एक्टिविस्ट आरपी सत्तावन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिकायत मे बीजेपी की ओर से कहा गया है कि यूजर द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को एडिटिंग कर एक जाति समुदाय को उकसाने का प्रयास किया गया है।

बीजेपी की शिकायत के बाद साइबर थाना पुलिस ने सोशल एक्टिविस्ट के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।



### बीजेपी ने नहीं की आरक्षण खत्म करने की बात

बीजेपी सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने बताया कि यूजर द्वारा वीडियो में एडिटिंग कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को आरक्षण समाप्त करने वाला बताते हुए इसे वायरल कर दिया।

जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ राजनेताओं ने आरक्षण को लेकर संविधान में किसी भी तरह का बदलाव नहीं करने का आश्वासन दिया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण और बाबा साहब का अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस पार्टी ओबीसी के साथ एसटी-एससी के आरक्षण में से एक समुदाय विशेष के लोगों को आरक्षण देना चाहती है। ऐसे में चुनावों के दौरान आमजन को कांग्रेस पार्टी आरक्षण को लेकर गुमराह कर रही है।

### दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम को भेजा समन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना ष्टरू रेवंत रेड्?डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार (28 अप्रैल) को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह SC-ST और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी पीटीआई के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है।

इस एडिटेड वीडियो को वायरल करने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है। उधर, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि इस मामले में असम से रीतोम सिंह को अरेस्ट किया गया है।

---

जयपुर में दुल्हन के पास से गहने चोरी

## सूट पहनकर आया नाबालिग मिनटों में सभी के सामने से उठा ले गया बैग



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में एक बच्चा दुल्हन के पास रखा गहनों से भरा बैग उठाकर ले गया। घटना 26 अप्रैल को वाटिका स्थित गणेश पैराडाइज में हुई। यहां एक बच्चा सूट-बूट पहनकर घुसा। मौके पाकर गहनों का बैठ उठा ले गया। बच्चे की करतूत मेरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सांगानेर सदर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल हरदयाल ने बताया- कल्लावाला सांगानेर सदर निवासी केशव चौहान (30) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 26 अप्रैल को वाटिका स्थित गणेश पैराइइज में उनकी बहन की शादी थी। रात करीब 2 बजे दुल्हन अपने कमरे में मां के साथ पहुंची थी। दुल्हन के गहनों का बैग भी कमरे में ही उसके पास रख दिया था। महज कुछ मिनट बाद बैग संभालने पर गायब मिला। इधर-उधर तलाशने पर भी बैग का पता नहीं चलने पर हंगामा मच गया।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद मिली करतूत

मेरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर सूट-बूट में आए नाबालिग चोर की करतूत कैद मिली। दुल्हन के कमरे में आने के कुछ देर बाद ही नाबालिग चोर बाहर आकर खड़ा हो गया। रात 2:03 बजे नजर बचाकर कमरे में घुसा। फिर गहनों से भरा बैग चोरी कर ले गया। चोरी हुए बैग में सोने का हार, पंजाबी कठी, मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, टीका, चांदी की दो पायल, दो बिछ्वे रखे थे। मेरिज गार्डन में चोरी की सूचना पर सांगानेर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित केशव ने पुलिस को बताया- चोरी गए गहनों की कीमत करीब 12 लाख रुपए है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नाबालिग चोर की तलाश शुरू कर दी है।

---

जयपुर में 3 साल की बच्ची से रेप

## अकेला पाकर पड़ोसी ने की गंदी हरकत, मां के आने पर मासूम ने सुनाई आपबीती

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर मे 3 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। अकेला पाकर आरोपी पड़ोसी ने बच्ची से गंदी हरकत की। घर लौटी मां को मासूम ने पड़ोसी की करतूत के बारे में बताकर आपबीती सुनाई। शिप्रापथ थाने में मासूम की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले की जांच एडि. डीसीपी पूनमचंद विश्नोई कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- शिप्रापथ निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी पड़ोसी ने उनकी 3 साल की बेटी के साथ रेप किया है। आरोप है कि 26 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे वह पड़ोसी में मासूम बेटी को छोड़कर किसी काम से गई थी। पीछे से अकेली बच्ची को पाकर आरोपी पड़ोसी ने गंदी हरकत की। करीब 10 मिनट बाद वापस घर लौटने पर बच्ची से परेशान देकर पूछा। मासूम ने पूछने पर मां को आपबीती सुनाई। आरोपी पड़ोसी की करतूत के बारे में पता चलने पर शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

कलेक्टर रिश्वत केस की जांच कर रहे अधिकारी को हटाया

## जयपुर एसीबी से ही लीक हुई सूचना, इसलिए रंगे हाथ नहीं पकड़े गए आरोपी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** दूदू कलेक्टर के 25 लाख की रिश्वत मांगने की जांच कर रहे जयपुर एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह को हटा दिया गया है। सोमवार को उन्हें एपीओ करने के आदेश जारी हुए। इस फैसले को लेकर एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि जल्द नया आईओ इस केस में लगा दिया जाएगा। सरकार ने यह फैसला किस बात को लेकर लिया, वही अच्छी तरह से बता सकती हैं। उन्होंने कार्रवाई का कारण बताने से इनकार कर दिया। वहीं, एसीबी ने एफआईआर में मेंशन किया है कि कलेक्टर को ट्रैप करने की सूचना लीक हुई है। दरअसल, एसीबी ने दूदू जिला कलेक्टर और पटवारी पर रिश्वत मांगने को लेकर केस दर्ज किया था। इस केस में एसीबी ने शुक्रवार देर रात करीब एक बजे छापा मारा। एसीबी का दावा है कि सत्यापन के दौरान सौदा 15 लाख में तय हुआ था। 15 अप्रैल को कलेक्टर ने साढ़े सात लाख रुपए डाक बंगले पर मंगवाए थे, लेकिन रुपयों का इंतजाम नहीं होने पर परिवादी ने समय मांगा। इस पर कलेक्टर ने सहमति दे दी। इसके बाद एसीबी ने पीसी एक्ट के तहत केस दर्ज कर डाक बंगले, तहसील कार्यालय पर छापा मारा और सर्च में संबंधित दस्तावेज जब्त किए। गौरतलब है कि परिवादी ने इस संबंध में एसीबी में शिकायत की थी कि दूदू कलेक्टर व पटवारी भूमि कन्वर्जन के नाम पर 25 लाख की डिमांड कर रहे हैं।

### डमी पैसे देकर ट्रैप कर सकती थी एसीबी

एसीबी की एफआईआर में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि सूचना लीक नहीं हुई होती तो कलेक्टर रंगे हाथ पकड़े जाता। बता दें कि एसीबी के पास 1 करोड़ का फंड मौजूद रहता है। वहीं, एसीबी के पास ट्रैप के लिए डमी नोट भी हैं। सरकार ने यह पैसा इसलिए दिया हुआ है कि अगर परिवादी के पास पैसा ना हो तो एसीबी उसका इस्तेमाल कर सके।

एसीबी के अधिकारियों ने इस पैसे का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। इस पर कोई भी अधिकारी जवाब देने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार की ओर से इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए एडिशनल एसपी को एपीओ किया गया।

---

जयपुर में स्कूल स्टूडेंट को डंडे से पीटा

## दो बच्चों का हो रहा था झगड़ा, अचानक एक युवक ने डंडे से कर दिया हमला

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के एक प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट को बेहरमी से डंडे से पीटने का मामला सामने आया है। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का आपस में झगड़ा हो गया था। एक स्टूडेंट की तरफ से आए युवक ने डंडे से दूसरे पर हमला कर दिया। मामले में चित्रकूट थाना पुलिस ने स्टूडेंट्स और दूसरे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई उम्मेद सिंह के जांच रिपोर्ट पेश करने के बाद चित्रकूट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में बताया कि चित्रकूट स्टेडियम के पास प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट्स के झगड़े का वीडियो मिला था। इसमें एक व्यक्ति स्टूडेंट को डंडे से बेरहमी से पीट रहा है। जांच करने पर जयश्री पेड़ीवाल स्कूल प्रशासन की ओर से लेटर पुलिस को दिया गया।

### एक स्टूडेंट के पिता के ऑफिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे

स्कूल प्रशासन ने लेटर के जरिए बताया कि



एक क्लास में पढ़ने वाले तीन स्टूडेंट्स पब्लिक पैलेस पर लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। उन तीनों में से एक स्टूडेंट के पिता के ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मालिक के बेटे का पक्ष लेते हुए दूसरे स्टूडेंट पर डंडे से हमला कर दिया। डंडे से कई वार करने पर वहां मौजूद अन्य लोगों ने हमलावर से स्टूडेंट को बचाया। चित्रकूट नगर थाना पुलिस ने स्कूल लेटर और वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली।

### 12वीं क्लास में पढ़ते दोनों बच्चे

एएसआई उम्मेद सिंह ने बताया- स्कूलवालों का कहना है कि तीनों स्टूडेंट्स 12वीं क्लास में पढ़ते हैं। 26 अप्रैल को स्कूल की छुट्टी के बाद किसी बात को लेकर तीनों में झगड़ा हो गया। चित्रकूट स्टेडियम के पास झगड़ा बढ़ने पर रोड पर दो क्लासमेट लड़ने लग गए थे। मौके पर मौजूद लोगों के बीचबचाव करने के दौरान एक युवक झगड़े में कूद गया।

एएसआई ने बताया- झगड़े के बीच में कूदा युवक डंडे से एक स्टूडेंट को जमकर पीटने लगा। वहां मौजूद लोगों ने समझाइस कर उसे रोका। झगड़े के दौरान लोगों ने वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद भी स्कूल प्रशासन के शिकायत नहीं देने पर पुलिस ने अपनी ओर से एफआईआर दर्ज की है।

---

जयपुर में दोस्ती कर नाबालिग लड़की से रेप

## कॉफी पिलाने के बहाने ले गया होटल, विरोध पर मारने की धमकी देकर पीटा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में दोस्ती कर एक नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। कॉफी पिलाने के बहाने आरोपी उसे होटल में लेकर गया था। जबरदस्ती का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ मारपीट की। श्याम नगर थाने में नाबालिग पीड़िता ने आरोपी दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी सोडाला कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- मांग्यावास निवासी 15 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ दिनों पहले उसकी दोस्ती अनिल से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने दोस्ती करने का दबाव बनाया। दोस्ती होने पर 25 अप्रैल को कॉफी पीने चलने को कहा। उसे कॉफी पिलाने के बहाने आरोपी अनिल श्याम नगर स्थित एक होटल में ले गया। होटल ले जाकर आरोपी ने जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ जमकर मारपीट कर रेप किया। इस बारे में किसी को जान से मारने की धमकी दी। दो दिन डरी-सहमी रहने के बाद नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। श्याम नगर थाने में नाबालिग पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



---

## जेम सिनेमा में गूंजे भगवान महावीर जयकारे: श्री महावीरजी फिल्म का हुआ प्रिमियर शो

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा चांदनपुर में टीले से प्रकटित भगवान महावीर के अतिशय के सम्बन्ध में निर्मित फिल्म %श्री महावीरजी% का प्रिमियर शो रविवार को जेम सिनेमा में आयोजित हुआ। इस मौके पर दर्शकों ने फिल्म की कहानी को खूब सराहा। शो हाऊस फुल रहा। प्रचार प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जेम सिनेमा के ओनर सुधीर कासलीवाल एवं दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मानद मंत्री सुभाष चंद जैन के नेतृत्व में महावीर जी प्रबंध कारिणी कमेटी द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। निर्माता जे.के जैन कालाडेरा वाले ने फिल्म निर्माण पर प्रकाश डाला। निर्देशक शशांक जैन ने फिल्म की कहानी एवं शूटिंग की संक्षिप्त जानकारी दी। भगवान महावीर के गीत पर पूरा हॉल झूम उठा एवं महिला संगठनों की महिलाओं ने पचरंगा जैन ध्वज लेकर नाचते -गाते खुशी जताई। मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन जौहरी ने जनता का धन्यवाद देते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मनीष बैद ने किया । मुख्य प्रचार संयोजक सुरेश सबलावत ने बताया कि भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा किस प्रकार से श्री महावीरजी के चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित हुई तथा भगवान के टीले से बाहर आने के बाद पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि संपन्नता होने लगी इस का बडी सुन्दरता के साथ इस फिल्म में चित्रण किया गया है। इस फिल्म में श्री महावीर भगवान के अतिशय के साथ श्री महावीरजी कमेटी द्वारा श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं इन विकास कार्यों से आसपास के लोगों को जो लाभ मिला है उसका चित्रण किया गया है। उन्होंने बताया कि महावीर जी मंदिर भगवान महावीर का पूरे देश का सबसे बडा मंदिर है। यहां सभी धर्मों एवं जातियों के लोग भगवान महावीर को पूजते है। नया काम शुरू करने से पहले भगवान महावीर के मंदिर में ढोक लगाते हैं। प्रतिमा के अवतरण से वहां के निवासियों के जीवन स्तर में आये हुए बदलाव की प्रगति को दर्शाया गया है। फिल्म में दर्शाया गया है कि आजकल के युवा गांव एवं अपने पुश्तैनी व्यापार को छोड़कर के नाम मात्र के पैकेज के लिए शहर में बस जाते हैं। इसका कारण है कि गांव के बच्चों को कोई भी अपनी लड़की देना नहीं चाहता। लड़की भी गांव में नहीं जाना चाहती है, इसी व्यथा को इस फिल्म में फिल्माया गया है। एक लड़की विदेश में बहुत बड़ी मल्टी नेशनल कंपनी में अच्छे पैकेज पर कार्यरत होते हुए भी श्री महावीर जी क्षेत्र के लिए अपना सब कुछ छोड़कर श्री महावीर जी में विकास के कारण को आगे बढ़ाने में मदद करने लगी। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी प्रबंध कारिणी समिति द्वारा इस फिल्म का निर्माण करवाया गया है। फिल्म में केशव कुंडल द्वारा संगीत दिया गया है। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सौरभ जैन है। इसमें मुख्य भूमिका रोहित मेहता व वान्या ने निभाई है। साथ में जयपुर जैन समाज के कुछ लोगों ने भी इस फिल्म में काम किया है। मूवी में सात गाने है डॉल्बी साउंड में एरी कैमरे के साथ पूरी फिल्म फिल्माई गई है। ये फिल्म एक घंटा पचास मिनट की है।

---

जयपुर में हुए ट्रांसप्लांट में डोनर-रिसीवर रिलेशन में नहीं थे

## फर्जी सर्टिफिकेट ही नहीं पूरा ट्रांसप्लांट हुआ जयपुर में नियमों के विपरीत, पता सबको लेकिन चुप थे सभी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाने में दर्ज एफआईआर के बाद जयपुर पुलिस अब तक एक दर्जन से अधिक फर्जी ट्रांसप्लांट सर्टिफिकेट जारी करने,ऑर्गन डोनर,रिसीवर से पूछताछ कर चुकी हैं। इस पूछताछ में सामने आया है कि पिछले तीन माह में जयपुर के निजी अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट के 45 ऑपरेशन किये गए। जिस में अधिकांश डोनर बांग्लादेश के थे और जयपुर में आकर उन लोगों ने किडनी डोनेट की थी। जयपुर के फोर्टीस और ईएचसीसी में 60 दिन में 45 ऑपरेशन किये गए थे। यह जानकारी पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपियों ने पुलिस को बताई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दोनों निजी अस्पतालों के खिलाफ जवाहर सर्किल और एयरपोर्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। जांच को एसीबी गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका को दी गई हैं।

एसीपी गांधी नगर गोपाल ढाका ने बताया कि गौरव सिंह, विनोद सिंह और गिर्राज शर्मा को मंगवार को कोर्ट में पेश कर 3 मई तक रिमांड पर लिया गया हैं। जयपुर पुलिस मोहम्मद



मुर्तजा अंसारी,मोहन,सूसू,सुलेमान निवासी बांग्लादेश की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। ये लोग गिरोह के सरगना है इन की मिलीभग से ही डोनर को जयपुर लाया जाता था। फरार ये लोग हॉस्पिटल के कोआर्डिनेटर के सीधे सम्पर्क मे थे।

### दोनों हॉस्पिटल ने रिसीवर और डोनर रिलेशन पर कभी ध्यान ही नहीं दिया

चिकित्सा विभाग की अधिकारी डॉक्टर रश्मि गुप्ता ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि दोनों निजी अस्पताल में डोनर और रिसीवर की जांच किये बिना ही ऑपरेशन किये जा रहे थे। यही कारण रहा कि इन लोगों ने अपने कोआर्डिनेटरों को एसएमएस में भेजा और पैसे का लालच देकर गौरव को फर्जी सर्टिफिकेट जारी कराया।

### एसआईटी का गठन हो जिस में डॉक्टर, एफएसएल की टीम भी रहे

कानून के जानकारों का मानना है कि इस पूरे केस में पुलिस अधिकारी के साथ-साथ सीनियर डॉक्टर,एफएसएल टीम सहित विशेष लोक अभियोजन की नियुक्त होनी चाहिए। वकील अश्विनी बोहरा का कहना है कि गरीब लोगों की मजबूरी और उन्हे धन का लालच देकर ऑर्गन ट्रांसप्लान करना अपराध हैं। इस केस में एसआईटी का गठन हो जिस से केस और अधिक मजबूत बनेगा साथ ही कोर्ट में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। क्यों की बात में कोर्ट भी डॉक्टर और एफएसएल की रिपोर्ट की मांग करेंगे। इस लिए सरकार को अभी इस विषय में सोच कर के केस की जांच करनी चाहिए।

---

## सुसाइड के लिए कोचिंग को ही दोषी ठहराना सही नहीं: शिक्षा मंत्री दिलावर बोले- प्रेम प्रसंग, गलत संगत और माता-पिता भी कारण

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** कोटा में रविवार को एक और कोचिंग छात्र ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। कोटा में इस साल अब तक आठ कोचिंग स्टूडेंट सुसाइड कर चुके हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि स्टूडेंट के सुसाइड में एक ही पक्ष (कोचिंग) को दोषी ठहराना ठीक नहीं है।

सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर दिलावर ने मीडिया से कहा- हर मामले में कोचिंग सेंटर ही दोषी हो, ऐसा नहीं है। कुछ प्रतिशत मामलों में ऐसा हो



सकता है। सुसाइड के पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा- स्टूडेंट्स के सुसाइड में मां-बाप भी दोषी हैं। स्टूडेंट की संगत भी दोषी है। कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं। प्यार में विफल होना भी एक कारण हो सकता है। सब सुसाइड का कारण कोचिंग ही है, यह मैं नहीं मानता हूं।

### माता-पिता क्षमता से ज्यादा अपेक्षा करते हैं

दिलावर ने कहा- माता-पिता बच्चे की पढ़ने की क्षमता से ज्यादा उससे अपेक्षा करते हैं। उसके कारण से बच्चा डिप्रेशन में चला जाता है। उसकी इतनी कैपेसिटी ही नहीं होती है। वह कहता है कि पेरेंट्स मुझसे बार-बार पूछते हैं, मैं कहां से रैंक लाऊं। कई बार देखा गया है कि जान देने से पहले बच्चे सुसाइड नोट लिखकर जाते हैं कि मम्मी-पापा मैं आपकी इच्छा पूरी नहीं कर पाया। जो आपने लक्ष्य दिया, उसे पूरा नहीं कर पाया। इसलिए मैं जा रहा हूं। ऐसे कई मामले आते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।